दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 90/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in







सांध्यप्रकाश विशेष

## Yogi Factor

n k tripathi



Kirti Singh, student of engineering first year, was returning in an auto rickshaw from her college in Ghaziabad, UP. One criminal Jeetu, riding on pillion parallel to the auto rickshaw, tried to snatch her phone. When she resisted his attempt, she fell down from the auto rickshaw and died due to head-injury. Just in two days, Jeetu was shot dead in a police encounter at 3 AM in the night. Kirti's father said,"my daughter will not return back, but Justice is done".

## मप्र कैडर के आईएएस अधिकारी आकाश त्रिपाठी पदोन्नत, एडिशनल सेक्रेटरी रैंक के लिए एंपेनल्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1998 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी आकाश त्रिपाठी भारत सरकार में पदोन्नत होकर एडिशनल सेक्रेटरी रैंक के लिए एंपेनल्ड हो गए हैं। त्रिपाठी वर्तमान में केंद्र सरकार में इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्रालय में मायगोव के सीईओ हैं। केंद्र सरकार ने आकाश त्रिपाठी के साथ ही 1998 बैच के झारखंड कैडर के अधिकारी राहुल शर्मा को भी एडिशनल सेक्रेटरी रैंक के लिए एंपेनल्ड किया है। राहुल वर्तमान में आयुष मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी हैं।

### प्रधानमंत्री ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर सरदार पटेल को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# गुलामी की निशानियों को हटा रहा है भारत: मोदी





**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय गुजरात दौरे का आज दूसरा दिन है। सरदार पटेल की जयंती के मौके पर मंगलवार सुबह ही वे केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचे। यहां उन्होंने देश के पहले गृह मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी इस दौरान रैंप से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बराबर गए और वहां से सरदार पटेल को फूल चढ़ाए।

इसके बाद पीएम ने एकता नगर में इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, अमृतकाल में भारत ने गुलामी की मानसिकता को त्यागकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। हम विकास भी कर रहे हैं और अपनी विरासत का संरक्षण भी कर रहे हैं। भारत ने अपनी नौसेना के ध्वज पर लगे गुलामी के निशान को हटा दिया है। गुलामी के दौर में बनाए गए गैर जरूरी कानूनों को भी हटाया जा रहा है। आईपीसी की जगह भी भारतीय न्याय संहिता लाई जा रही है। इंडिया गेट पर जहां कभी विदेशी सत्ता के प्रतिनिधि की प्रतिमा थी, वहां अब नेताजी सुभाष की प्रतिमा हमें प्रेरणा दे रही है।

पीएम ने केवड़िया में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, मन के अनेक है, लेकिन माला एक है। तन अनेक है, लेकिन मन एक है। जैसे 15 अगस्त हमारी स्वतंत्रता के उत्सव का, 26 जनवरी हमारे गणतंत्र के जयघोष का दिवस है, उसी तरह 31 अक्टूबर का ये दिन देश के कोने-कोने में राष्ट्रीयता के संचार का पर्व बन गया है। 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर होने वाला आयोजन, 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्यपथ पर परेड और 31 अक्टूबर को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सानिध्य में मां नर्मदा के तट पर राष्ट्रीय एकता दिवस का ये मुख्य कार्यक्रम राष्ट्र उत्थान की त्रिशक्ति बन गए हैं।

पीएम ने कहा, एकता नगर में आने वालों को सिर्फ इस भव्य प्रतिमा के ही दर्शन नहीं होते बल्कि उसे सरदार साहब के जीवन, त्याग और एक भारत के निर्माण में उनके योगदान की झलक भी मिलती है। इस प्रतिमा की निर्माण गाथा में ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतिबिंब है।

### पीएम मोदी ने लोगों को दिलाई एकता की शपथ

पीएम ने इससे पहले गुजरात के एकता नगर पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर वहां मौजूद लोगों को एकता की शपथ दिलाई। इसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर परेड का भी आयोजन किया गया। इसमें सीआरपीएफ की महिला बाइकर्स ने अद्भुत प्रदर्शन किया। पीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का भी निरीक्षण किया जिसमें सीमा सुरक्षा बल और राज्य पुलिस बल के मार्चिंग दलों ने भी भाग लिया।

# शिवराज का निशाना, बोले- मध्य प्रदेश को बदनाम करते हैं कमलनाथ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर फिर से निशाना साधा है। शिवराज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कमल नाथ मध्य प्रदेश का अपमान करते हैं। चौहान ने



कहा कि कमल नाथ जी का ये प्रदेश है ही नहीं। उनको मध्यप्रदेश से लगाव है ही नहीं। उनका नरा मध्यप्रदेश में गड़ा ही नहीं है। वो मध्यप्रदेश को बदनाम करते हैं। शिवराज ने कहा कि कमल नाथ ने मध्य प्रदेश को चौपट प्रदेश कहकर मध्यप्रदेश और यहां की जनता का अपमान किया है। उन्होंने सवाल किया कि कमल नाथ जी आप मध्यप्रदेश का अपमान क्यों कर रहे हैं?

नाथ और दिग्विजय सिंह को दिल्ली बुलाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये जय और वीरू की जोड़ी है, जिसे दिल्ली बुलाया गया। अब वो कहते हैं कि भाजपा भ्रम फैला रही है, तो दिल्ली क्यों बुलाया जा रहा है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जय और वीरू झगड़ रहे हैं आपस में और ये लड़ रहे हैं लूट के माल के लिए।

## कांग्रेस नेताओं की दिल्ली में बड़ी बैठक, कमलनाथ-दिग्विजय शामिल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बगावत और मतभेद की खबरों के बीच दिग्विजय और कमलनाथ आलाकमान के बुलावे पर दिल्ली पहुंच गए हैं। देर रात मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात होने की खबर है। आज दिल्ली में बड़ी बैठक हो रही है, जिसमें श्रीमती सोनिया गांधी, खड़गे,



रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह शामिल होंगे। इसमें आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

प्रदेश विधानसभा चुनाव के नामांकन फॉर्म जमा करने की सोमवार को अंतिम तारीख थी। इसके बाद पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और पीसीसी चीफ कमलनाथ दिल्ली पहुंचे। वहां पर दोनों नेताओं ने वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा की। दोनों मंगलवार को एक प्लेन से दिल्ली से भोपाल पहुंचेंगे। इसे दोनों की मतभेदों की अटकलों के बीच एकजुटता दिखाने की रणनीति बताई जा रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दोनों नेता नामांकन के बाद चुनावी रणनीति को लेकर वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। कांग्रेस आगामी दिनों में महाजनसंपर्क अभियान शुरू कर रही है। इसमें पार्टी के दिग्गज नेता एक साथ अलग-अलग क्षेत्र में उतरेंगे। इसमें पार्टी के वचन पत्र की गारंटी को पूरा करने का विश्वास जनता को दिलाएंगे। साथ ही भाजपा सरकार के घोटाले और भ्रष्टाचार को भी गिनाएंगे। पार्टी के नेताओं का कहना है कि दोनों नेता वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कर आगामी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देंगे।

## एपल ने शशि थरूर समेत 11 को दी हैकिंग की चेतावनी, सरकार पर जासूसी कराने का आरोप

**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेताओं को एपल की ओर से बड़ी चेतावनी मिली है। इंडिया अलायंस के करीब चार विपक्षी नेताओं ने दावा किया है उन्हें एपल की ओर से राज्य-प्रायोजित साइबर अटैक की चेतावनी मिली है। दावा के मुताबिक इन नेताओं के आईफोन किसी भी वक्त हैक सकते हैं।

इन नेताओं में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस नेता शशि थरूर, पवन खेड़ा, आप सांसद राघव चड्ढा, शिवसेना



(उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, एआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और सीपीआई(एम) के जनरल सेक्रेटरी सीताराम येचुरी शामिल हैं। सबसे पहले महुआ ने एक ट्वीट में कुछ स्क्रीनशॉट करते हुए कहा कि देश के गृहमंत्रालय के पास और कोई काम नहीं है। अडाणी और प्रधानमंत्री कार्यालय के गुंडों, तुम्हारा डर देखकर मुझे तरस आता है। महुआ ने आगे लिखा, प्रियंका- तुम्हें, मुझे और इंडिया अलायंस के तीन अन्य नेताओं को ऐसे मैसेज आए हैं। शिव सेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी का कहना है, जिस तरह से मुझे कल रात चेतावनी मिली, उससे पता चलता है कि यह केंद्र सरकार का पूरा प्लान है और मुझे सावधानी बरतने की जरूरत है।

### हैकिंग के दावों पर राहुल गांधी बोले- सरकार में अदाणी नंबर-1, पीएम मोदी नंबर-दो

विपक्षी नेताओं की तरफ से मंगलवार सुबह दावा किया गया कि उनके फोन में सरकार-प्रायोजित हैकिंग से जुड़े चेतावनी संदेश आए। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कई लोगों को ऐसे संदेश आए हैं। इनमें केसी वेणुगोपा, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा शामिल हैं। भाजपा इस वक्त युवाओं का ध्यान भटकाने की कोशिश में है। राहुल ने कहा पहले मैं सोचता था कि सरकार में नंबर-1



प्रधानमंत्री हैं, दूसरे पर अदाणी और तीसरे पर अमित शाह हैं, लेकिन ये गलत है। सरकार में नंबर-1 अदाणी हैं, पीएम मोदी दूसरे नंबर पर हैं और अमित शाह तीसरे पर। राहुल गांधी ने आगे कहा, जितनी टैपिंग करनी हो कर लो। मुझे फर्क नहीं पड़ता। अगर आपको मेरा फोन चाहिए तो मैं अपना फोन दे देता हूं आपको। कम लोग लड़ रहे हैं इसके खिलाफ। लेकिन हम डरने वाले लोग नहीं हैं, लड़ने वाले लोग हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे। राहुल ने कहा, हिंदुस्तान की राजनीति हमें समझ आ गई है।

## राज्यपाल के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने राज्यपाल आरएन रवि पर मंजूरी के लिए भेजे गए बिलों में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सरकार ने अदालत से राज्यपाल को के डीएमके मॉडल और राज्य के नाम पर उनकी टिप्पणी को लेकर टकराव हो चुका है।

सुप्रीम कोर्ट से अपने अनुरोध में तमिलनाडु सरकार ने दावा किया कि राज्य विधानसभा द्वारा भेजे जा रहे



एक समय सीमा के भीतर विधेयकों को मंजूरी देने या निपटाने का निर्देश देने का आग्रह किया।

बता दें, डीएमके सरकार और तमिलनाडु के राज्यपाल के बीच पिछले कुछ महीनों से टकराव चल रहा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल रवि के बीच इससे पहले लंबित विधेयकों, स्टालिन की विदेश यात्राओं, शासन विधेयकों और आदेशों को राज्यपाल द्वारा समय पर मंजूरी नहीं दी जा रही है। सरकार ने कहा कि 12 विधेयक, चार अभियोजन मंजूरी और 54 कैदियों की समय से पहले रिहाई से संबंधित फाइलें राज्यपाल के पास लंबित हैं। सरकार ने राज्यपाल पर पद का दुरुपयोग करने और लोगों की इच्छा को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

## शिवराज सरकार ने मप्र के 40 लाख युवाओं को बेरोजगार करने का पाप किया है : प्रदीप जैन

**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री प्रदीप जैन आदित्य ने आरोप लगाया है कि मध्यप्रदेश में 18 साल की शिवराजसिंह चौहान की सरकार में सबसे अधिक नुकसान अगर किसी वर्ग का हुआ है तो वह मप्र के नौजवान हैं। मप्र सरकार के अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मप्र में 40 लाख से अधिक रजिस्टर्ड बेरोजगार युवा हैं। अगर गैर पंजीकृत आंकड़ों को भी इसमें शामिल करें तो बेरोजगारों की संख्या एक करोड़ से अधिक हो जाती है। इस बेरोजगारी का मुख्य कारण शिवराज सरकार द्वारा किये गये भर्ती घोटाले, पेपर लीक, परीक्षाओं के रिजल्ट जारी न करना, जानबूझ कर त्रुटिपूर्ण रिजल्ट जारी करना आदि शामिल हैं।

श्री जैन आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री जैन ने कहा कि शिवराज सरकार ने भर्ती घोटालों के मामले में मप्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कलंकित किया है। व्यापमं घोटाला, डीमेट घोटाला, आरक्षक भर्ती घोटाला, पेसा कॉर्डिनेटर भर्ती घोटाला, नर्सिंग कॉलेज घोटाला और पटवारी भर्ती घोटाला



आदि इसकी जीवंत मिसाल हैं। अगर मप्र में इस तरह के घोटाले नहीं हुये होते तो प्रदेश में कम से कम 20 लाख युवाओं को नौकरी अथवा सम्मानजनक रोजगार मिल गया होता। शिवराज सरकार ने मप्र में 4 लाख करोड़ से अधिक का कर्ज लिया है, लेकिन इस कर्ज से किसी बेरोजगार को रोजगार नहीं दिया। इन परिस्थितियों को बदलने के लिए मप्र भर्ती जांच आयोग बनाया जायेगा। यह आयोग पटवारी भर्ती परीक्षा, परिवहन विभाग में भर्ती घोटाला एवं व्यापमं घोटाले की जांच नये सिरे से प्राथमिकता से करायेगी। मप्र में ऑन लाइन परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायतें आ रही हैं। इसलिए कांग्रेस सरकार ऑफ लाइन परीक्षाएं शुरू करेगी।

श्री जैन ने कहा कि मप्र में रोजगार न मिलने से भाजपा की 18 साल की सरकार में 17298 छात्रों और बेरोजगारों ने आत्महत्या की है। बहुत से युवा रोजगार की तलाश में चिटफंड और दूसरी तरह के झांसों में आकर कर्ज के दलदल में डूब जाते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं, जिससे देश ही नहीं विश्व में भी मप्र शर्मसार हुआ है। मप्र में बेरोजगारी के चलते कई परिवारों द्वारा सामूहिक आत्महत्या करने के मामले भी सामने आये हैं। इस सूरतेहाल को बदलने के लिए कमलनाथ जी ने फैसला किया है कि कांग्रेस सरकार बनने पर बेरोजगारों को 1500 से 3000 रू. तक बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। श्री जैन ने कहा कि शिवराज सरकार ने प्रदेश में संविदा, ठेका और कमीशन का राज स्थापित करके सरकारी पद खाली होने के बावजूद शिक्षित युवाओं को रोजगार से वंचित रखा है। कांग्रेस सरकार 2 लाख सरकारी पदों पर नियुक्तियां करेगी।

## चंद्रबाबू नायडू को मिली जमानत, कौशल विकास घोटाला केस में हाईकोर्ट ने दी राहत



**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को चार सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी। उच्च न्यायालय के वकील सुनकारा कृष्णमूर्ति ने यह जानकारी दी। बताया गया है कि नायडू की ओर से पेश हुए वकीलों ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है। इसके बाद आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत दी।

हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक, चंद्रबाबू नायडू को 24 नवंबर तक के लिए जमानत दी गई है। उन्हें 24 नवंबर को सरेंडर करने के लिए कहा गया है। कोर्ट 10 नवंबर को उनकी मुख्य जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। कोर्ट ने उन्हें अस्पताल जाने के अलावा किसी भी अन्य तरह के कार्यक्रम में न जाने का आदेश दिया है। उन्हें खास तौर पर मीडिया और राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहने के लिए कहा गया है।

## शराब घोटाले में मोहाली में आप विधायक कुलवंत सिंह के आवास व दफ्तर पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** मोहाली से आप विधायक कुलवंत सिंह के घर और दफ्तर पर सुबह करीब आठ बजे एक साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दबिश दी। टीम सुबह से ही उनके दफ्तर और घर पर दस्तावेज खंगाल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब घोटाला मामले में यह कार्रवाई की जा रही है। हालांकि अभी अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। छापेमारी पर विधायक और उनके स्टाफ ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**आतिशी बोलीं- 2 नवंबर को केजरीवाल गिरफ्तार हो सकते हैं-** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि 2 नवंबर को ईडी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को



गिरफ्तार कर सकती है। केजरीवाल के बाद इंडिया गठबंधन के दूसरे नेता भी गिरफ्तार होंगे। अगला नंबर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, केरल के सीएम पी विजयन, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का है।

आतिशी ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरविंद केजरीवाल से डर लगता है। भाजपा को पता है कि वह चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को नहीं हरा सकती है। इसलिए आप के सीनियर नेताओं को एक-एक कर जेल में डाला जा रहा है। इसके अलावा वे इंडिया गठबंधन के उन नेताओं को भी टारगेट कर रहे जो राजनीतिक रूप से उन्हें मजबूत दिख रहे हैं।

फार्म हाउस के मालिक बनें
मात्र 51000/- की
बुकिंग राशि में
हमारे पूर्ण विकसित प्रोजेक्ट
DREAMLAND FARM
कोलार रोड़ में बुक करें और
तुरंत पजेशन प्राप्त करें।
ऑफर मात्र नवरात्रि तक
सम्पर्क -7470487994

# हुजूर में कांग्रेस को एक और झटका, भाजपा में शामिल हुए विनोद राजौरिया

## तीन पीढ़ी से कांग्रेस के हाथ के साथ रहा विनोद का परिवार



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

इस बार विधानसभा चुनाव के दौरान भोपाल जिले की हुजूर विधानसभा सीट में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। सोमवार शाम को रातीबड़ निवासी विनोद राजोरिया ने अपने सेकड़ौं समर्थकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। राजोरिया परिवार करीब तीन पीढियां से कांग्रेस की सक्रिय सदस्य रहे हैं। इसके पहले उनकी नाराजगी के कारण कांग्रेस को भोपाल जिला पंचायत अध्यक्ष का पद भी खोना पड़ा था। चुनाव के दौरान उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य ने जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोटिंग की थी। सोमवार को उन्होंने भी कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है, जिससे भाजपा पार्टी क्षेत्र में और मजबूत हो गई है। कांग्रेस के पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रहे विनोद राजौरिया ने कहा कि कांग्रेस में नेता, नीति और नेतृत्व पूरी तरह समाप्त हो चुका है। श्री राजौरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विधायक श्री रामेश्वर शर्मा द्वारा हुजूर विधानसभा में कराये गये विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। वह भाजपा परिवार के एक एक सदस्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनकल्याण के कार्य में पूरी तन्मयता के साथ जुटेंगे ।

### विधायक रामेश्वर शर्मा ने दिलायी सदस्यता

रातीबड़ भाजपा मंडल की बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा ने विनोद राजौरिया को भाजपा का अंग वस्त्र उढ़ाकर भाजपा में स्वागत किया। श्री शर्मा ने कहा की भाजपा परिवार में आपका स्वागत है । श्री शर्मा ने कहा की समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान एवं जन कल्याण के क्षेत्र में ऊर्जा के साथ काम करेंगे।

**ये भी हुए शामिल:** महेंद्र मारण सेवा दल का पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, पंडित श्री रंगीलाल जी शर्मा, दिनेश राजोरिया, रघुवीर राजौरिया, नीतेश राजौरिया, अशोक पाटीदार, नारायण सिंह सेमरी, दिनेश नागर, अमित राजौरिया, मनीष द्विवेदी, प्रेम नारायण, संजीव राजौरिया, राजेश नागर, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक भाजपा में शामिल हुए।

# इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल मिलेनियम ने करवा चौथ उत्सव धूमधाम से मनाया






सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल मिलेनियम ने करवा चौथ उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया । क्लब अध्यक्षा तृप्ति जैन ने बताया कि क्लब की सभी मेम्बर्स जैसे कि चार्टर प्रेसिडेंट एवं डिस्ट्रिक्ट आईएसओ तनु जैन,सचिव रचना सिंघई , एडिटर शिल्पी चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट भावना शुक्ला , सह सचिव प्रीति जैन, कोषाध्यक्ष निधि जैन, ज्योति ,प्रेरणा, पलक,स्वाती तथा बबीता जी,सभी मेंबर के अथक प्रयासों से कार्यक्रम बहुत सफल रहा। पीडीसी एवं रोटेरियंस ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। क्रायक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए नेल आर्ट, मेहंदी, गेम ,रेमवॉक करवाया तथा शॉपिंग के लिए स्टॉल्स भी लगाए गए। ।सभी ने इनमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं ने की कार्यशाला में प्रतिभागिता



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की दो प्राध्यापिकाओं प्रो. विभा खरे, विभागाध्यक्ष- पोषण एवं आहार विभाग एवं प्रो. दीपिका सक्सेना, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग द्वारा प्रसिद्ध कथाकार शिवानी की जन्मशती के अवसर पर म.प्र. हिन्दी साहित्य सम्मेलन एवं स्वंयसिद्धा डॉट कॉम द्वारा एक दिवसीय शिवानी स्मृति कथा प्रसंग एवं कार्यशालाा में प्रतिभागिता की। इस कार्यशाला में प्रसिद्ध कथाकार डॉ. रेखा कस्तवार एवं डॉ. निर्मलाा भुराडिया ने शिवानी जी कृतिव और कहानी लेखन के विभ्न्नि पहलुओं पर प्रकाश डालकर रचनापाठ भी किया। इस कार्यशाला में कथा व कहानी का शास्त्र, कहानी मन की बात और कहानी लेखन व विश्लेषण विषय पर प्रभावी सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यशाला में देशके विभिन्न स्थानों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाविद्याालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला में प्रतिभागिता लेखन एवं सृजनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

# घर-घर पहुंची भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर, जनता से मांगा समर्थन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गोविंदपुरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर का चुनावी जनसंपर्क जोर-शोर से जारी है। सुबह से लेकर देर रात तक वे मतदाताओं से मुलाकात कर रहीं हैं। क्षेत्र के लोगों से मिलकर भाजपा को जिताने का आग्रह कर रहीं हैं। बताते चलें कि भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर को जनसंवाद के दौरान क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर के प्रति लोग काफी विश्वास जता रहे हैं। इधर, जनमिलन के क्रम में कृष्णा गौर ने सोमवार को वार्ड 53, साकेत मंडल में जनमिलन किया।

स्थानीय लोगों से मुलाकात कर कृष्णा गौर नें काफी उत्साहित होते हुए कहा कि आप सब से मिलकर मुझे बेहद खुशी होती है। जनमिलन के दौरान क्षेत्र की महिलाएं कृष्णा गौर के माथे पर विजय तिलक लगाकर और आरती उतारकर स्वागत करती नजर आईं। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने फूल माला पहनाकर कृष्णा गौर का अभिनंदन किया । आमजनों के स्नेह से अभिभूत भाजपा प्रत्याशी ने सभी उपस्थितजनों का आभार जताया और चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। गोविंदपुरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर नें सोमवार को वार्ड 53, साकेत मंडल स्थित राम मंदिर जाट



खेड़ी, संजय नगर, जाट खेड़ी, बुद्ध विहार, निखिल बांग्ला, जाट खेड़ी, गार्डन बैठक, छठ मैया स्थान, सागर रॉयल विलास, हलवाई मोहल्ला, गणेश नगर, भवानी नगर, पारस हेरिटेज, बुद्ध विहार, यूनिक बैठक, चमत्कारी मंदिर, भेल संगम पानी की टंकी, रविदास मंदिर, आसाराम नगर, श्री राम काली मंदिर, प्रियदर्शनी, ढोलक बस्ती, प्रोस्पेरा, सचिन वर्मा मल्टी, गायत्री विहार, चौहान मोहल्ला, ओम नगर, चौहान मोहल्ला माता मंदिर, वैष्णो परिसर, ए पार्क एवेन्यू, अंजलि विहार, फॉर्च्यून कस्तूरी, शंकराचार्य होम्स, रमेश भगत शाम, ईडन गार्डन कॉलोनी, विनय ग्रह निर्माण, सेंचुरियन में जनमिलन किया।

# एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में मेगा एथलेटिक इवेंट

**भोपाल।** एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 एथलेटिक चैंपियनशिप बालक वर्ग के बालक वर्ग के दूसरे दिन अंडर-19 डिस्कस थ्रो में होली क्रॉस स्कूल खंडवा के सूरज सिंह ने प्रथम स्थान वेन्यू पब्लिक स्कूल ग्वालियर के अमन सिंह यादव ने दूसरा स्थान एवं क्राइस्ट चर्च सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर के देवव्रत देव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया अंडर 17 डिस्कस थ्रो में आर्मी पब्लिक स्कूल महू के आदर्श कुमार पटेल ने प्रथम स्थान सागर पब्लिक स्कूल सकेत नगर के दीपराज सिंह बिंद्रा ने दूसरा स्थान एवं क्राइस्ट चर्च बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर के कमल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया अंडर-19 5000 मी रेस में साइन इंटरनेशनल स्कूल कटनी के जय यादव ने प्रथम स्थान बर्डस्ले इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटनी के वंश विश्वकर्मा ने दूसरा स्थान,सागर पब्लिक स्कूल सकेत नगर के मानस तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया 200 मीटर अंडर 14 रेस में आदित्य बिरला स्कूल नागदा के आयुष केवट ने प्रथम स्थान ज्ञानोदय हाई सेकेंडरी खुरई के देवराज सिंह ने दूसरा स्थान,सागर पब्लिक स्कूल भोपाल के जयवंत दुबे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर अंदर 17 रेस में कैंब्रिज हाई सेकेंडरी स्कूल सागर के अरविंद गंगास ने प्रथम स्थान ओलंपस हाई स्कूल विदिशा के पियूष डांगी ने दूसरा स्थान बल भारती पब्लिक स्कूल निशातपुरा भोपाल के वंश मीणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।200 मीटर अंदर-19 रेस में दिल्ली कॉलेज इंदौर के ही मोहन वेदांत शिंदे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 हाई जंप में लिटिल वर्ल्ड स्कूल जबलपुर के आदित्यांश सिंह ने प्रथम स्थान ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल रीवा के अनुराग गौतम ने दूसरा स्थान एवं नेहरू मांटेसरी हाई सेकेंडरी स्कूल बुरहानपुर के लोकेंद्र महाजन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं अंदर 17 बालक आयु वर्ग हाई जंप में डेली कॉलेज इंदौर के नीव गुजराती ने प्रथम स्थान साई श्री इंटरनेशनल स्कूल रतलाम के निधान सिंह देवड़ा ने दूसरा स्थान एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल भोपाल के प्रवीण दिलेर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश समन्वयक साहिल राजपूत संगठन से निष्कासित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव चल रहे ऐसे जो पदाधिकारी पार्टी प्रत्याशी और पार्टी से अलग काम रहे हैं उनके ऊपर कार्यवाही का सिलसिला भी जारी है मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया की हमे जानकारी प्राप्त हुई थी कि गोटेगांव में कांग्रेस प्रत्याशी एन पी प्रजापति जी के खिलाफ़ चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी चौधरी का समर्थन साहिल राजुपुत के द्वारा करने की वजह से कार्रवाई की गई है। इस बात जानकारी मिलते से ही युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश समन्वयक साहिल सिंह राजपूत पर कठोर कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया। विवेक त्रिपाठी ने बताया कि आज जब कांग्रेस पार्टी प्रदेश की जनविरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ़ एक जुट होकर लड़ाई लड़ रही है जिसमें प्रदेश की जनता का अपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है इसके विपरीत कुछ असंतुष्ट कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा अगर कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ़ प्रचार प्रसार किया जाता है तो ये पार्टी की रीति नीति के विरुद्ध है और इस घोर अनुशासनहीनता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस लिये हमने मप्र युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश समन्वयक साहिल सिंह राजपूत पर कार्यवाही करते हुए उन्हें पद मुक्त कर दिया है साथ ही ये उन सभी पदाधिकारियों के लिये संदेश है जो भी शीर्ष नेतृत्व के आदेश की अवेलहना करते हुए इस महत्वपूर्ण क्षण में पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया जाएगा उनके पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी ।

# हत्या मामले में फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल ।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया कराने हेतु हरिनारायणाचारी मिश्र पुलिस आयुक्त भोपाल, अवधेश गोस्वामी अति. पुलिस आयुक्त भोपाल के निर्देशन मे तथा सुंदर सिंह कनेश पुलिस उपायुक्त जोन 4 , मलकीत सिंह अति. पुलिस उपायुक्त जोन 4 एवं अंजली रघुवंशी सहा. पुलिस आयुक्त चूनाभट्टी संभाग के कुशल निर्देशन मे गंभीर अपराधो मे फरार आरोपियो की गिरफ्तारी , चाकूबाजो पर कार्यवाही, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थो , अवैध आग्नेय शस्त्रो एवं अन्य अवैध गतिविधियो को रोकने हेतु लगातार थाना कोलार रोड पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है ।

इसी तारतम्य मे थाना कोलार रोड भोपाल द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 23 को थाने के अप.क्रमांक 351/23 धारा 294,323,324,326,506,34,307 भादवि मे 5 माह से फरार बदमाश आरोपी विनीत जोसेफ उर्फ पोलू पिता यशवंत कुमार जोशेफ उम्र 42 साल निवासी म न 469 ए सेक्टर गोपाल नगर वीएचईएल (भेल) खजूरी कलाँ भोपाल को मुखबिर की सूचना पर बंजारी दशहरा मैदान के पास से गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है तथा आरोपी से पूछताछ उपरांत घटना मे प्रयुक्त एक लोहे की राड जप्त की गई है । आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पूर्व मे पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा 2000/- रू का ईनाम उद्घोषित किया गया था ।आरोपी विनीत जोसेफ द्वारा 20 मई 2023 को अपने साथी राजू मतियानी व अन्य 3 साथियो के साथ मिलकर फरियादी शशिकांत जावा के साथ धारदार हथियारो से मारपीट कर जाने से मारने की नियत से गंभीर चोट पहुंचाई थी । फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था ।




# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में ली गई शपथ

**भोपाल।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंगलवार को प्रात-11 बजे एडीएम श्री भूपेन्द्र गोयल ने कलेक्ट्रेट अधिकारी एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिलाई गई।

**ये शपथ ली गई-** मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।



**पुलिस आयुक्त कार्यालय में शपथ ली गई -** एकता दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा आयुक्त कार्यालय परिसर में कार्यालयीन स्टॉफ को एकता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, पुलिस आयुक्त मुख्यालय रामशरण प्रजापति, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर एवं कार्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

# अमेरिकी विश्वविद्यालय ने एमसीयू में स्थापित किया मौसम स्टेशन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एशिया के पहले एवं देश के सबसे बड़े मीडिया विश्वविद्यालय, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के माखनपुरम परिसर में सोमवार को अमेरिकी विश्वविद्यालय बीसीसी, सिटी युनिवर्सिटी ऑफ न्यूयार्क यूएस काउंसलेट जनरल मुंबई के सहयोग से मौसम स्टेशन स्थापित हो गया है । विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन (चाणक्य भवन) के ऊपर सोलर वेथर स्टेशन के इंस्टालेशन के पश्चात कुलपति प्रो.(डॉ)के.जी. सुरेश एवं सीयूएनवाई के रसायन विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान विभाग की प्रोफेसर परमिता सेन, ष्टह्वङ्ग/ष्टक्रश्वस्ज्ञ निदेशक श्री नील फिलिप ने इसका लोकार्पण एवं सर्वर रुम का शुभारंभ किया । पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात एमसीयू एवं सीयूएनवाय विश्वविद्यालय के बीच सोलर वैदर स्टेशन इंस्टालेशन ~ एसएसआई अनुबंध पर कुलपति प्रो. सुरेश एवं श्री फिलिप ने हस्ताक्षर किए ।

विश्वविद्यालय में इस अवसर पर शिक्षकों के लिए वैदर मोनिटरिंग /क्लाइमेट चेंज पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुलपति प्रो.(डॉ)के.जी. सुरेश ने आज के दिन को ऐतिहासिक दिन बताया । उन्होंने शिक्षकों से कहा कि मौसम स्टेशन का लाभ उठाएं एवं छात्रों को भी शोध के लिए प्रेरित करें । प्रो. सुरेश ने कहा कि विश्वविद्यालय का काम सिर्फ अध्ययन, अध्यापन ही नहीं है, बल्कि शोध करना भी है । उन्होंने कहा कि मौसम स्टेशन के डेटा को आप वैश्विक स्तर पर भी उपयोग कर सकते हैं । समाज को जागरुक करने की बात करते हुए उन्होंने मौसम स्टेशन को किसानों के लिए बहुत ज्यादा मददगार बताया । कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा की जलवायु निगरानी से प्राप्त सूचनाओं को विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो, रेडियो कर्मवीर के माध्यम से भोपाल की जनता तक भी पहुंचाया जाएगा। इंडिया सेंटर के निदेशक नील फिलिप ने मौसम स्टेशन की स्थापना पर कहा कि इससे आम व्यक्ति सीधे जुड़ेगा । प्रोफेसर परमिता सेन ने ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करते हुए मौसम स्टेशन को बहुत ही उपयोगी बताया। उन्होंने सोल टेस्टिंग (मृदा परीक्षण) की बात करते हुए कहा कि इससे स्थानीय कृषकों को भी बहुत लाभ होगा । उल्लेखनीय है कि अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास, मुंबई ने बीसीसी/सीयूएनवाई को आईआईटी गोवा, राजभवन गवर्नर हाउस, मुंबई सहित उच्च शिक्षा संस्थानों में मौसम निगरानी स्टेशन स्थापित करने के लिए अनुदान प्रदान किया है । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

## सपा, आप और कांग्रेस में कितने गुट यह तो भगवान ही जानेः चौहान

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने बुधनी, सिवनी मालवा और सोहागपुर में किया रोड शो

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को अपने गृह ग्राम जैत में हनुमान मंदिर, कुल देवी-देवता,नर्मदा मैया और सलकनपुर में माता विजयासन की पूजा-अर्चना कर बुधनी विधानसभा से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान हजारों की संख्या में बहनें, बेटा-बेटी, बुजुर्ग और समर्थक मुख्यमंत्री मौजूद रहे। साथ ही मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुधनी में रोड शो, सिवनी मालवा में भाजपा प्रत्याशी प्रेमशंकर वर्मा और सोहागपुर में प्रत्याशी विजय पाल सिंह के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं अपनी जन्मभूमि, कर्मभूमि, मातृभूमि, पुण्यभूमि और वो माटी जिसके आशीर्वाद से प्रदेश की जनता की सेवा कर इतना काम कर पाया हूं, वहाँ प्रणाम करने आया हूँ। अपने ग्रामवासियों की शुभकामनाएं और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर आज मैंने नामांकन फ़ॉर्म भरा है। इसके बाद यहाँ का चुनाव यहाँ की जनता लड़ेगी, यहाँ का हर नागरिक शिवराज है मैं तो केवल वोट डालने आऊंगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि, एक दिल के टुकड़े हजार हुए कोई इधर गिरा कोई उधर गिरा। सपा, आप, कांग्रेस और कांग्रेस में भी दिग्गी गुट, सेठ कमलनाथ गुट, अरुण यादव और अजय सिंह गुट और न जाने कितने गुट हैं ये तो भगवान ही जाने। उन्होंने कहा कि, मल्लिकार्जुन खड़गे तो नाममात्र के अध्यक्ष हैं। असल में तो भैया-बहन फसल काटते हैं। मध्यप्रदेश में भी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने पूरी पार्टी पर कब्जा जमा कर रखा है और आगे की संभावनाएं भी काँग्रेसियों की समाप्त कर दी हैं। उनके आगे की पीढ़ी भी तैयार है और वो टिकट भी बाँट देती है। इन लोगों ने कब्जा करके कांग्रेस को निष्प्राण बना दिया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसते



हुए कहा कि, आप ही देखिए उनमें और हम में अंतर क्या है। वो लोग आटे को लीटर में तोलते हैं। धान का खेत काटने पहुँच जाते हैं लेकिन यह पता ही नहीं है कि धान जमीन के नीचे होती है या जमीन के उपर। जमीनी वास्तविकता से परिचित नहीं हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस जनता का भल नहीं कर सकती। अब नेताओं की पहचान भी छुपा रहें हैं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के एक नेता कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को जय-वीरू कहकर बुला रहें हैं, लेकिन जय और वीरू तो जेल से छूट कर आए थे। उन्होंने कहा कि, कुछ नेता जेल में हैं और कुछ कांग्रेस के नेता बेल पर हैं। कांग्रेस के जमाने में नेताओं को कभी जेल नहीं होती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कह दिया कि, ना खाउंगा ना खाने दूंगा। इसके बाद सभी कांग्रेसी घबराए हुए हैं। अब जमाना बदल गया है। नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री हैं गड़बड़ की तो नेता भी जेल जाएगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को जनसभाओं के दौरान लाड़ली लक्ष्मियां, बहने और बेटियां चुनाव लड़ने के लिए आर्थिक सहयोग के रूप में 10-20-50 रूपए भेंट कर रहीं हैं। श्री चौहान ने इस आर्थिक सहयोग को लेकर कहा कि, बहनें मुझे चुनाव लड़ने के लिए 10-10 रूपए दे रही हैं, कई बहनों ने तो सिक्के भी दिए। जैसे सबरी के बेर भगवान राम को 56 व्यंजन से ज्यादा स्वादिष्ट लगे थे वैसे ही तुम्हारे एक रुपए कमलनाथ की करोड़ों की दौलत से भी ज्यादा है।

## जनता के आशीर्वाद से खंडवा और मांधाता में खिलेगा कमलः गोपाल भार्गव

**खंडवा।** मध्यप्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री श्री गोपाल भार्गव की उपस्थिति में सोमवार को मांधाता एवं खंडवा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व नामांकन रैली में शामिल होकर श्री गोपाल भार्गव ने भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की जनता से अपील की।

प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री श्री गोपाल भार्गव सोमवार को खंडवा जिले की मांधाता विधानसभा के प्रत्याशी श्री नारायण पटेल की नामांकन रैली में शामिल हुए। नामांकन रैली में श्री गोपाल भार्गव और पार्टी प्रत्याशी श्री पटेल जीप में सवार थे। श्री भार्गव ने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। नामांकन रैली



में बड़ी संख्या में पार्टी कायकर्ता और क्षेत्र की जनता शामिल हुई। पार्टी प्रत्याशी श्री पटेल ने श्री भार्गव की उपस्थिती में अपना नामांकन दाखिल किया। श्री भार्गव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याण की योजनाओं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किये गए कार्यों से प्रदेश की जनता का भाजपा के प्रति जन विश्वास बढ़ा है, जनता के आशीर्वाद से मांधाता में कमल खिलेगा और भाजपा मध्यप्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी। मांधाता के पश्चात प्रदेश सरकार के मंत्री श्री गोपाल भार्गव खंडवा विधानसभा की प्रत्याशी श्रीमती कंचन तन्वे की नामांकन रैली में शामिल हुए। श्री भार्गव ने जनता से अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव प्रदेश के विकास को गति देने का चुनाव है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास कर रही है।

# कमल नाथ का वादा-सत्ता में आए तो कांग्रेस सरकार जातिगत जनगणना करवाएगी



**भोपाल।** मध्?य प्रदेश विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच मध्?य प्रदेश कांग्रेस अध्?यक्ष कमल नाथ ने वादा किया है कि अगर कांग्रेस सत्?ता में आती है तो कांग्रेस सरकार जातिगत जनगणना करवाएगी। कमल नाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश के हमारे पिछड़ा वर्ग के परिवारों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए मैं वचनबद्ध हूं। उन्?होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पिछड़ा वर्ग को न्याय सुनिश्चित करने के लिए ÷जातिगत जनगणना÷ कराएगी। पिछड़ों के समग्र विकास के लिए ÷समान अवसर आयोग÷ बनाया जाएगा। कमल नाथ का कहना है कि कांग्रेस आएगी, खुशहाली लाएगी।

**प्रियंका ने भी कही थी ये बात-** उल्?लेखनीय है कि कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी पिछले दिनों चुनावी सभाओं में भी जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाया है। उन्?होंने कहा कि ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोगों की सही संख्?या जानने के लिए ऐसा करना आवश्?यक है ताकि ऐसे वर्ग के लाभ के लिए योजनाएं बनाई जा सकें।

**मल्लिकार्जुन खरगे भी बोले थे-** कांग्रेस अध्?यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी पिछले दिनों सागर जिले में आयोजित सभा में कहा था कि अगर उनकी पार्टी सत्?ता में आती है तो जातिगत जनगणना करवाई जाएगी। मध्?य प्रदेश विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है।

**खुशहाल युवा-खुशहाल मध्यप्रदेश का लक्ष्य-** कमल नाथ ने कहा कि खुशहाल युवाङ्खुशहाल मध्यप्रदेश का लक्ष्य पाने के लिए मैं वचनबद्ध हूं। उन्?होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश की भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच कराएगी। इसके लिए भर्ती जांच आयोग बनाएंगे। घोटाला कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को कठोर दण्ड सुनिश्चित करेंगे। युवाओं को न्याय मिलकर रहेगा।

**स्वास्थ्य का अधिकार कानून का वादा भी-** कमल नाथ ने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रत्येक व्यक्ति के लिए ÷स्वास्थ्य का अधिकार कानून÷ बनाएगी । ÷वरदान स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा योजना÷ प्रारंभ करेगी जिसमें हर परिवार का 25 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि ÷खुशहाल किसान-खुशहाल मध्यप्रदेश÷ मेरा मिशन है और इसे साकार करने के लिए मैं वचनबद्ध हूं। कांग्रेस सरकार किसानों को सिंचाई की भरपूर सुविधा देने के लिए 5 एचपी तक के पंप का बिजली बिल माफ और 10 एचपी तक का बिल हाफ करेगी।अब हर खेत में हरियाली छाएगी और किसान भाइयों की फसल लहलहाएगी।

## सुरेंद्र पटवा का नामांकन फॉर्म होल्ड, बेटे तन्मय का नामांकन निरस्त

**रायसेन।** भोजपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक सुरेंद्र पटवा का नामांकन फॉर्म होल्ड कर दिया गया है। उनके बेटे तन्मय पटवा का नामांकन फॉर्म भी निरस्त कर दिया गया है। सुरेंद्र पटवा के दो अलग-अलग शपथ पत्रों में दी गई जानकारी में भिन्नता के चलते फॉर्म होल्ड किया गया है। निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक कल सुबह 11 बजे विशेषज्ञों से राय के बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा।

## आठवीं पास चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अधीन पटवारी सहित 12 कर्मचारी करेंगे चुनाव में काम

### ई वी एम मशीन सहित सभी चुनाव सामग्री प्राप्त करने में बनाया है प्रभारी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जिला निर्वाचन कार्यालय के द्वारा आठवीं पास चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को मतदान सामग्री दल का प्रभारी बनाया है। अब पटवारी सहित 12 कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अधीन रहेंगे । चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परेशान हो रहा है।

मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को हो रहे निर्वाचन को लेकर कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई जा रही है उसमें नापतौल विभाग में कार्यरत श्री विक्रम जो कि श्रम सहायक चतुर्थ श्रेणी का पद है कार्यरत हैं । उनको इस चुनाव में मतदान सामग्री प्राप्त करने का प्रभारी बना दिया गया है । चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अंतर्गत पटवारी सहित अन्य विभागों के क्लास 3 सहित 12 कर्मचारी अधीन कर दिए गए हैं। नापतोल विभाग में विक्रम जो कि आठवीं पास है इस आदेश को लेकर परेशान हो रहे हैं। पिछले चुनाव में 2018 में विधानसभा में चुनाव हुआ था उसमें उन्हें पीठासीन अधिकारी



बना दिया गया था तब भी वह बहुत परेशान हुए थे लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की थी । चुनाव में जरा सी चूक होने पर नौकरी खतरे में पड़ जाती है। इसको लेकर यह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं उनके परिवार भारी डरा हुआ है । श्री विक्रम द्वारा आज जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पद के अनुरूप ड्यूटी लगाने हेतु आवेदन भी दिया गया है।

## राजेन्द्र सिंह राही के काव्य संग्रह तलाश का विमोचन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजेन्द्र सिंह राही कोमल अनुभूतियों के ऊर्जावान कवि हैं। इनकी कविता ने जो लिबास पहना है वह किसी से उधार लिया हुआ नहीं है बल्कि निजी है। ये बात वरिष्ठ साहित्यकार मयंक श्रीवास्तव ने कही। वे राजेन्द्र सिंह राही के प्रथम काव्य संग्रह %तलाश - मेरी उनतालीस कविताएं के विमोचन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र ने अपनी कविता में चमत्कारिक शब्दों का ओरयोग करके गूढ़ बनाने की कोशिश नहीं कि है बल्कि ऊनी जीवन-यात्रा में जो अनुभव किया है एवं भोगा है वह बड़ी सादगी के साथ सरल शब्दावली में रेखांकित किया है। राजेन्द्र सिंह फ़ूड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इण्डिया से सेवानिवृत्त हैं और स्कूल के दिनों से ही कविताएं लिखते रहें हैं जिनका पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशन होता रहा। व्यवस्थित रूप से ये उनका पहला संग्रह है जिसे पहले पहल प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। होटल राजहंस




में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में नर्मदा यात्री और लेखक मनोज अत्रे एवं कवि अशेष श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे। मनोज अत्रे ने गोमाता से जुड़ा संस्मरण सुनाया वहीं अशेष श्रीवास्तव ने कविता की रचना प्रक्रिया पर कविता सुनाई। विमोचन कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित नागरिक, बुद्धिजीवी, प्रकाशक पुष्कर भाटी, स्कूल मित्र, परिवारजन मौजूद थे।

## महिला पत्रकार से अभद्रता की एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने की निंदा

**भोपाल।** आरती परिहार के साथ जो कुछ हुआ उसका एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन निंदा की है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने पत्रकार साथियों से कहा है कि हम सभी कांग्रेस के कार्यक्रमों का कवरेज करना बंद कर दें जब तक आरती परिहार को न्याय नहीं मिलता। एक तरफ़ कांग्रेस कहती है महिला सुरक्षित रहेगी हमारे राज में पर 29 अक्टूबर को 5:30 पर दिग्विजय सिंह के कार्यक्रम को कवर करने गई थी। उनका कहना है कि वहा के कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला द्वारा मेरे साथ बत्तमीज़ी की गई मेरे कंधे में धक्का मारा और मैं गिर गई मीडिया को कवरेज नहीं दे रहे थे और बाद में मुझे धमकी मिली जो कर सके कर ले। जब में पीसीसी पहुंची तो महिला नेत्रियों ने मुझे बहलाना फुसलाना चालू कर दिया इसके उपरान्त मेरी बात नहीं रखी गई। मेरे आत्म सम्मान को ठेस पहुंची है और अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं आत्म हत्या कर लूंगी इसके ज़िम्मेदार मनोज शुक्ला और अशोक गार्डन थाने की पुलिस होगी। मुझे मनोज शुक्ला से ख़तरा है यदि मेरे साथ कोई वारदात होती है उसका पूर्ण ज़िम्मेदार मनोज शुक्ला होगा। महिला पत्रकार के साथ जो कुछ हुआ वह निंदनीय है।

**कांग्रेस के कार्यक्रमों का कवरेज करना बंद कर दें पत्रकारः शारदा वल्लभ**

## महिलाओं को प्रदेश सरकार ने बनाया आत्मनिर्भर : प्रभात झा

**उज्जैन।** पार्टी की सेवा करना भगवान के प्रसाद जैसा है और प्रदेश सरकार ने लाडली बहनों सहित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएं हैं। भाजपा को मुस्लिम विरोधी पार्टी बताया जाता है, जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मुस्लिम समुदाय के लिए भी कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं ,जिसमें तीन तलाक जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का साहसिक कदम भी उठाया गया। यह बात भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रभात झा ने उज्जैन के खाचरोद से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर तेज बहादुर सिंह चौहान की नामांकन रैली के दौरान जनसभा के संबोधित करते हुए कही। श्री झा ने कहा कि केंद्र सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है। राम मंदिर से लेकर धारा 370 तक समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। 2024 में 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। भाजपा जो कहती है वह करती है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ता का भाग्य कभी भी बदल सकता है। आमसभा को क्षेत्रीय सांसद श्री अनिल फिरोजिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।



## एम्स की डॉ. रुचि सिंह को सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स भोपाल के फिजियोलॉजी विभाग में अतिरिक्त प्रो. डॉ. रुचि सिंह को केजीएमयू लखनऊ में आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट के राष्ट्रीय सम्मेलन में उनके शोध कार्यों के लिए दो अलग-अलग श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ पेपर से सम्मानित किया गया। योग और प्राकृतिक चिकित्सा में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र के लिए श्री राम मूर्ति स्मारक पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार उन्हें इस्केमिक स्ट्रोक के रोगियों में योग के प्रभाव के लिए दिया गया था। जिसमें रोगियों को देखभाल के मानक के अलावा योग भी कराया गया और इससे इन रोगियों में काफी बेहतर सुधार हुआ।

दूसरा पुरस्कार प्रोफेसर नरसिंह वर्मा पुरस्कार क्रोनोबायोलॉजी के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य के लिए उन्हें प्रदान किया गया। डॉ. रुचि का यह शोध स्कूली बच्चों की नींद से संबंधित है। जिसमें यह देखा गया कि भले ही स्कूल की घंटी का समय अलग-अलग हो सकता है, लेकिन स्कूल जाने वाले किशोरों के




सोने के समय में ज्यादा अंतर नहीं होता है और इस प्रकार, शुरुआती घंटी का समय स्कूल के शुरुआती समय वाले बच्चों की कुल नींद की अवधि पर बहुत प्रभाव डालता है। इसके कारण नींद की कमी उनके मूड पर अत्यधिक प्रभाव डालती है जिससे उनमें अवसाद, चिंता और तनाव पैदा होता है। इस प्रकार, छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता को नींद की स्वच्छता प्रथाओं का अभ्यास करने के लिए शिक्षित करने की अत्यधिक आवश्यकता है जो हमारी युवा पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह नें इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी।

## एम्स में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल में आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई। एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस अवसर पर सभी कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

अपने संबोधन में, डॉ. अजय सिंह ने सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और सभी से इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय को अपनाने का आग्रह किया। भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। उन्होंने सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों, विशेष रूप से डॉक्टरों से अपने आदर्श पेशे के उच्चतम नैतिक मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया। डॉ. सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि भ्रष्टाचार से लड़ने की प्रतिबद्धता केवल एक सप्ताह तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने एक पारदर्शी समाज की कल्पना की जो भ्रष्टाचार से मुक्त हो, और



इस लक्ष्य को सामूहिक प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों और संकाय सदस्यों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया गई, जिन्होंने अटूट प्रतिबद्धता के साथ अखंडता की प्रतिज्ञा ली इससे पूर्व एम्स, भोपाल के मुख्य सतर्कता अधिकारी, कर्नल (डॉ.) अजीत कुमार ने संस्थान के सदस्यों को भेजे अपने एक संदेश में सभी कर्मचारियों से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आग्रह किया।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें भ्रष्टाचार के विनाशकारी प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशालाएं और साइकिल रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता इत्यादि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## स म्पा द की य

# रेल दुर्घटनाओं से सबक...?



देश में लगातार रेल दुर्घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। एक तरफ नई-नई रेलगाड़ियां चला रहे हैं, स्टेशन और रेलगाड़ियों को ठेके पर दे रहे हैं, बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा पर कितना ध्यान दे रहे हैं, यह दुर्घटनाओं का आंकड़ा बता रहा है। मानवीय भूल से हो या तकनीकी खामियों से, दुर्घटना तो दुर्घटना होती है। इसमें जनहानि भी होती है और राष्ट्रीय धनहानि भी। लोगों के परिवार खत्म हो जाते हैं। और जब रिपोर्ट आती है, तो लीपापोती के अलावा कुछ भी नहीं होता। बयान देकर निपट जाते हैं। यह कह कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं कि हम सुरक्षा पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं।

असल में आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों के बीच हुई टक्कर ने एक बार फिर रेलवे सुरक्षा से जुड़े सवालों की ओर ध्यान खींचा है। अब तक मिली सूचनाओं के मुताबिक विशाखापत्तनम से पलासा जा रही एक पैसेंजर ट्रेन सिगनल न होने की वजह से धीमी रफ्तार से जा रही थी जिसे उसी लाइन पर तेज रफ्तार से आ रही दूसरी ट्रेन ने पीछे से टक्कर मार दी। रेलवे अधिकारियों की राय है कि यह हादसा दूसरी ट्रेन के लोको-पायलट की गलती का नतीजा लगती है, जो खुद भी इस दुर्घटना का शिकार हो गए। इस दुर्घटना ने करीब 5 महीने पहले ओडिशा में हुए भीषण ट्रेन हादसे की याद दिला दी, जिसमें 280 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो गई थी।

वैसे इसी महीने की 12 तारीख को बिहार के बक्सर में भी नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के 23 कोच पटरी से उतर गए थे। भूलना नहीं चाहिए कि भारतीय रेल रोज औसतन सवा सौ करोड़ लोगों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती है। ऐसे में ये छोटे-बड़े हादसे उन तमाम लोगों के मन में चिंता पैदा करते हैं, जो कहीं जाने के लिए बेखटके रेलवे का सहारा लेते हैं। जहां तक रेलवे के सेफ्टी सिस्टम का सवाल है तो रेलवे से जुड़ी संसदीय समिति और सीएजी, दोनों की रिपोर्टें इस ओर ध्यान खींचती रही हैं। दिसंबर 2016 से मार्च 2023 के बीच ही ऐसी कम से कम तीन रिपोर्ट हैं, जो बताती हैं कि रेलवे अपने सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतर पा रहा।

यदि हम रेलवे की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की बात करें तो 2017-18 में राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष तैयार कर दिया गया था। इस कोष में धन की कमी नहीं पड़ने दी गई, लेकिन मार्च 2023 में संसदीय समिति ने बताया कि कभी एक साल भी ऐसा नहीं गुजरा, जिसमें इस सालाना रकम का पूरी तरह इस्तेमाल किया गया हो। यानि सुरक्षा पर ठीक से खर्च तक नहीं किया गया। ध्यान रहे, ओडिशा में जून में हुए हादसे के पीछे भी सिगनलिंग सिस्टम की गड़बड़ियां बताई गई थीं। हालांकि उस मामले में सीबीआई ने तीन रेलकर्मियों के खिलाफ चार्जशीट फाइल की है। अब आंध्र प्रदेश में हुई दुर्घटना की जिम्मेदारी उस लोको-पायलट के सिर डाली जा रही है, जो अपना पक्ष रखने के लिए अब जीवित भी नहीं।

हो सकता है उससे मानवीय भूल हुई हो, लेकिन आखिरकार यह रेल सुरक्षा से जुड़ा मामला ही है, जिसकी जिम्मेदारी रेलवे सिस्टम पर आती है। लोकोमोटिव पायलट जिस तरह की चुनौतियों के बीच और जिस तरह के हालात में काम करते हैं, वे भुलाए नहीं जा सकते। इस संबंध में दिसंबर 2016 में संसदीय समिति ने ध्यान दिलाया था कि लोकोमोटिव पायलट तकरीबन हर किलोमीटर पर एक सिगनल से गुजरते हैं और उन्हें पर्याप्त टेक्निकल बैकअप भी उपलब्ध नहीं होता। अक्सर उन्हें 10 घंटे का अपना शिफ्ट बढ़ाना भी पड़ता है। ऐसे में सुरक्षा से जुड़े इन पहलुओं की अनदेखी करते हुए ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने पर जोर आगे चलकर और गंभीर स्थिति पैदा कर सकता है।

सबसे बड़ी बात तो यही है कि हम चिकन-चुपड़ कर रेलगाड़ियां चला देते हैं। वंदे भारत नाम हो या राजधानी, बस केवल गति बढ़ाने और देखने में सुंदर लगने पर जोर दे रहे हैं। प्रधानमंत्री जाकर हरी झंडी दिखा देते हैं। भाषण दे दिए जाते हैं कि हमने रेलवे को कहां से कहां पहुंचा दिया। हम दुनिया में सबसे ऊपर जा रहे हैं। लेकिन सुरक्षा के मामले में कहां हैं? इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। मीडिया में जगह बनाकर, प्रचार के आधार पर रेलवे को कहीं भी ले जाया जा सकता है। लेकिन असल मुद्दा तो सुरक्षा का ही है। जब हमारा रेल सफर ही सुरक्षित नहीं है, तो हम आगे क्या बात करें? बेशर्मी इतनी, कि हर कोई पल्ला झाड़ता नजर आता है। रेल चलाने का श्रेय लेने की होड़ लगी रहती है, दुर्घटना पर छोटे कर्मचारियों या अधिकारियों को सूली पर टांग दिया जाता है। यही कहानी दोहराई जाती रही है। क्या हम कुछ ऐसी प्रणाली नहीं विकसित कर पा रहे हैं कि रेल दुर्घटनाओं में कमी आ सके?

नई गाड़ियां चलाने के पहले हमें यह तय करना होगा कि सुरक्षा बढ़े। जनता की बात करें, तो जब कोई घटना होती है, चिल्लाने लगती है, फिर चुप बैठ जाती है। करे भी क्या? उसके सामने तो समस्याओं का अंबार लगा है। जिसका परिवार जाता है, जिसे जनहानि होती है, तकलीफ तो उसे ही होती है। आज किसी तो कल किसी और का नंबर आएगा, यह कोई नहीं सोच पाता। सोचने की जरूरत तो है।

# हाथ से मैला उठाने की प्रथा का अंधेरा छांटना होगा

**विनय झैलावत**

सर्वोच्च नयायालय ने हाथ से मैला साफ करने के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि हमारी लड़ाई सत्ता की ताकत के लिए नहीं है। यह आजादी की लड़ाई है। यह मानव व्यक्तित्व को पुनः प्राप्त करने की लड़ाई है।' न्यायालय ने इस वर्ग के लोगों की मौत पर परिजनों को तीस लाख, स्थायी दिव्यांगता पर बीस लाख, जख्मी होने पर दस लाख मुआवजा देने का आदेश दिया। खंडपीठ ने कहा कि सीवर की सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में बीस लाख रुपये का भुगतान किया जाए। किसी अन्य प्रकार की चोट के लिए दस लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। न्यायालय ने कहा कि हमारी लड़ाई सत्ता की ताकत के लिए नहीं है। यह आजादी की लड़ाई है। यह मानव व्यक्तित्व को पुनः प्राप्त करने की लड़ाई है।

हाथ से सीवर सफाई पर सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश देते हुए कहा कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि इस प्रथा का पूरी तरह उन्मूलन हो। पीठ ने हाथ से मैला उठाने वालों के रोजगार पर प्रतिबंध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को 14 दिशा निर्देश जारी किए। न्यायालय ने कहा कि यह अकारण नहीं है कि हमारे संविधान में गरिमा और भाईचारे के मूल्य पर बहुत जोर दिया गया है। लेकिन इन दोनों के लिए, अन्य सभी स्वतंत्रताएं कल्पना हैं। अपने गणतंत्र की उपलब्धियों पर गर्व करने वाले हम सभी को आज जागना होगा, ताकि वह अंधेरा छंट जाए।

न्यायालय ने कहा कि पीड़ितों के परिजनों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाए और कौशल विकास प्रशिक्षण किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि आपको वास्तव में सभी मामलों में समान होना है तो संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 15(2) जैसे मुक्तिदायक प्रावधानों को लागू करके समाज वर्गों को जो प्रतिबद्धता है, वह देने की जरूरत ना होती। केंद्र और राज्य यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि हाथ से मैला साफ करने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। संविधान के अनुच्छेद 15(2) में कहा गया है कि सरकार किसी भी नागरिक के खिलाफ केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं करेगी। फैसले में पीठ ने कहा कि सच्चे भाईचारे को साकार करना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यह अकारण नहीं है कि हमारे संविधान में गरिमा और भाईचारे के मूल्य पर बहुत जोर दिया गया है। लेकिन इन दोनों के लिए, अन्य सभी स्वतंत्रताएं कल्पना हैं। अपने गणतंत्र की उपलब्धियों पर गर्व करने वाले हम सभी को आज जागना होगा, ताकि वह अंधेरा छंट जाए।



पिछले पांच वर्षों में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान 347 लोगों की मौत हो चुकी है। जुलाई 2022 में लोकसभा ने उद्धत सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से चालीस प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुई है। न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए। न्यायालय ने मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार के निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम, 2013 को सख्ती से लागू करके मैनुअल स्कैवेंजिंग की घृणित प्रथा को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि सीवरों की मैन्युअल सफाई की प्रक्रिया को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी व्यक्ति को किसी भी उद्देश्य के लिए मैन्युअल रूप से सीवरों में प्रवेश न करना पड़े। सर्वोच्च न्यायालय इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी जारी किए। न्यायालय ने कहा कि भारत सरकार को उचित उपाय करने चाहिए और नीतियां बनानी चाहिए। निगमों, रेलवे, छावनियों के साथ-साथ अपने नियंत्रण वाली एजेंसियों सहित सभी वैधानिक निकायों को निर्देश जारी करना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चरणबद्ध तरीके से मैन्युअल सीवर सफाई को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने संघ और राज्यों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि सीवर से होने वाली मौतों के लिए मुआवजा बढ़ाया जाए।

न्यायालय ने कहा कि भारत सरकार मॉडल अनुबंध तैयार करेगा, जिसका उपयोग संबंधित अधिनियम में, जैसे कि अनुबंध श्रम (निषेध और विनियमन अधिनियम), 1970, या किसी भी स्थान पर, उसके या उसकी एजेंसियों और निगमों द्वारा, जहां भी अनुबंध दिए जाने हैं, किया जाएगा। अन्य कानून, जो मानकों को करता है ङ्क 2013 अधिनियम और नियमों के अनुरूप का सख्ती से पालन किया जाएगा और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में एजेंसी अपना अनुबंध खो देगी और संभवतः ब्लैकलिस्ट कर दी जाएगी। इस मॉडल का उपयोग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा भी किया जाएगा। संबंधित विभाग तीन माह के भीतर राष्ट्रीय सर्वेक्षण के संचालन के लिए तौर-तरीके तैयार करेंगे। सर्वेक्षण आदर्श रूप से आयोजित किया जाएगा और अगले एक वर्ष में पूरा किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सर्वेक्षण का हश्र पिछले सर्वेक्षणों जैसा न हो, सभी संबंधित समितियों को सही शिक्षित और प्रशिक्षित करने के लिए उपयुक्त मॉडल तैयार किए जाएंगे। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेषों को यह सुनिश्चित करने के लिए स्कॉलरशिप देने की आवश्यकता है कि सीवर पीड़ितों (जिनकी मृत्यु हो गई है, या विकलांगता हो सकती है) के आश्रितों को सार्थक शिक्षा दी जाए।

राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) भी उपरोक्त नीतियों को तैयार करने के लिए परामर्श का हिस्सा होगा। यह सर्वेक्षण की योजना और कार्यान्वयन के लिए राज्य और जिला कानूनी सेवा समितियों के साथ समन्वय में भी शामिल होगा। इसके अलावा, एनएएलएसए मुआवजे के आसान वितरण के लिए उपयुक्त मॉडल (अपराध के पीड़ितों को मुआवजे के वितरण के लिए अन्य मॉडलों के संबंध में अपने अनुभव के आलोक में) तैयार करेगा। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेषों को समयबद्ध तरीके से राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय समितियों और आयोगों की स्थापना के लिए सभी आयोगों (एनसीएसके, एनसीएससी, एनसीएसटी) के साथ समन्वय सुनिष्चित करने का निर्देश दिया जाता है। इसके अलावा, रिक्तियों की मौजूदगी उन्हें भरने की निरंतर निगरानी की जाएगी। एनसीएसके, एनसीएससी, एनसीएसटी और केंद्र सरकार को 2013 अधिनियम के तहत जिला और राज्य स्तरीय एजेंसियों द्वारा जानकारी और उपयोग के लिए प्रषिक्षण और शिक्षा मॉड्यूल का समन्वय और तैयार करना आवश्यक है। पोर्टल और डैशबोर्ड, जिसमें सीवर से होने वाली मौतों और पीड़ितों से संबंधित जानकारी, मुआवजा वितरण की स्थिति, साथ ही किए गए पुनर्वास उपायों और मौजूदा और उपलब्ध पुनर्वास नीतियों सहित सभी प्रासंगिक जानकारी शामिल होगी, विकसित और लॉन्च किया जाएगा। गरिमा और भाईचारे के बिना अन्य स्वतंत्रताएं कल्पना मात्र हैं।

न्यायमूर्ति भट्ट ने फैसला सुनाते समय डॉ. अम्बेडकर के इन शब्दों को उद्धत किया 'हमारी लड़ाई सत्ता के धन के लिए नहीं है। यह स्वतंत्रता की लड़ाई है। यह मानव व्यक्तित्व के पुनरूद्धार की लड़ाई है।' सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ''यदि आपको वास्तव में सभी मामलों में समान होना है तो संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 15(2), 17 और 23 और 24 जैसे मुक्तिदायक प्रावधानों को लागू करके समाज के सभी वर्गों को जो प्रतिबद्धता दी है, हम में से प्रत्येक को अपने उक्त वादे पर खरा उतरना होगा। संघ और राज्य यह सुनिष्चित के लिए बाध्य हैं कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह से समाप्त हो जाए। हम में से प्रत्येक व्यक्ति आबादी के इस बड़े हिस्से के प्रति कृतज्ञ है, जो अमानवीय परिस्थितियों में व्यवस्थित रूप से फंसे हुए, अनदेखे, अनसुने और मौन बने हुए हैं। यह सम्मान संविधान और 2013 अधिनियम के प्रावधानों में स्पष्ट निषेधों के माध्यम से संघ और राज्यों पर अधिकारों और दायित्वों की नियुक्ति का मतलब यह है कि वे प्रावधानों को अक्षरश लागू करने के लिए बाध्य है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि ''हम सभी नागरिकों पर सच्चे भाईचारे को साकार करने का कर्तव्य है। यह बिना कारण नहीं है कि हमारे संविधान ने गरिमा और भाईचारे के मूल्य पर बहुत जोर दिया है। लेकिन कई लोगों के लिए अन्य सभी स्वतंत्रताएं कल्पना से परे हैं। हम सभी आज जो हमें अपने गणतंत्र की उपलब्धियों पर गर्व करते हैं, उन्हें जागना होगा, जिससे हमारी पीढ़ियों के लिए जो अंधकार बना हुआ है वह दूर हो जाए और वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से इन स्वतंत्रताओं और न्याय का आनंद उठा सकें जिन्हें हम हल्के में लेते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रकरण 1 फरवरी को नियत किया है।

# नए वैश्विक आर्थिक अवसरों को भुनाना होगा

**-राकेश दुबे**

आज जब दुनिया इजराइल-हमास युद्ध, बढ़ती तेल कीमतों और गिरती वैश्विक विकास दर की चुनौतियों का सामना कर रही है, तब विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों और रिपोर्टों में भारत की आर्थिकी की आशावादी तस्वीर उभरकर आना सुकूनदेह लगता है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के उपभोक्ताओं और कारोबारों के बारे में जो सर्वेक्षण प्रकाशित किया है, उसके निष्कर्षों में कारोबारी और वित्तीय विचार भारत में व्यापक तौर पर आर्थिक विस्तार को लेकर आशाजनक रुख दिखाते हैं। इस सर्वेक्षण में कहा गया है कि देश में खुदरा महंगाई में कमी आ रही है, औद्योगिक उत्पादन बढ़ रहा है, बेरोजगारी में कमी आई है, कर राजस्व में सुधार हुआ है। जहां रोजगार की स्थिति में सुधार हुआ है, वहीं स्वरोजगार को अपनाने वालों की तादाद तेजी से बढ़ी है। बैंक ऋण में अच्छी वृद्धि के मद्देनजर सबसे अधिक वृद्धि खुदरा और व्यक्तिगत ऋण में हुई है।

इस सर्वेक्षण से संकेत मिल रहा है कि देश में उपभोक्ताओं के विचारों की नकारात्मकता कम हो रही है और अधिक से अधिक उपभोक्ता भविष्य में आमदनी बढने के मामले में आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। भारतीय उपभोक्ताओं के आशावादी होने का एक बड़ा कारण एक ओर भारत को रूस से कम मूल्यों पर कच्चे माल की आपूर्ति होना है, वहीं भारत के द्वारा कच्चे तेल की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाई जाना भी है। पहले हम 27 देशों से कच्चे तेल का आयात करते थे, वहीं अब 39 देशों से कच्चे तेल का आयात कर रहे हैं

अर्थव्यवस्था की तस्वीर व्यापक तौर पर आशावादी नजर आ रही है। गौरतलब है कि 10 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट 2023 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था की आशावादी तस्वीर प्रस्तुत की गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में जहां वैश्विक विकास दर 3 प्रतिशत रहेगी, वहीं भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत रहेगी। साथ ही भारत दुनिया में सबसे तेज विकास दर वाला देश है। इसी तरह 3 अक्टूबर को विश्व बैंक के द्वारा प्रकाशित इंडिया डेवलपमेंट अपडेट रिपोर्ट-2023 में भी कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में निवेश और मांग के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 प्रतिशत की दर से बढने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया कि सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था में शामिल भारत की विकास दर जी-20 देशों के बीच दूसरे स्थान पर है और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में औसतन लगभग दोगुनी है। इस ऊंची विकास दर की वजह मजबूत आर्थिक मांग, मजबूत सार्वजनिक बुनियादी ढांचा निवेश और मजबूत वित्तीय क्षेत्र है। विश्व बैंक की तरह दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भी चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की तेज विकास दर के अनुमान प्रस्तुत किए हैं। एसएंडपी ने 6.6 प्रतिशत और फिच, एडीबी और आईसीडी ने 6.3 प्रतिशत के अनुमान लगाए हैं। इसी तरह रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना है।

चूंकि अमेरिका और रूस के साथ-साथ दुनिया के अधिकांश देशों के द्वारा भारत के साथ लगातार आर्थिक मित्रता के कदम बढ़ाए जा रहे हैं, ऐसे में भारत की सबसे ज्यादा विकास दर के साथ वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के लिए वैश्विक आर्थिक अवसर भी बढने की संभावनाएं बनी हुई है

इसमें कोई दो मत नहीं है कि इस वर्ष 2023 में जी-20 देशों की सफल अध्यक्षता के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज विकास की नई संभावनाएं निर्मित हुई हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन के ऐतिहासिक सफल आयोजन से जहां दुनिया में भारत की डिजिटल अहमियत मजबूत हुई है, वहीं भारत की नई डिजिटल पूंजी भारत की आर्थिक ताकत बनते हुए दिखाई दे रही है। अब भारत जी-20 देशों के साथ-साथ दुनिया के कई अन्य देशों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) विकसित करने की नई भूमिका में है।

भारत ने डिजिटलीकरण और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा निर्माण में काफी प्रगति की है, मगर इस समय कारोबारी माहौल और निवेशकों के विश्वास को बेहतर बनाने के लिए और अधिक संरचनात्मक सुधारों की जरूरत है। उम्मीद की जा सकती है कि ऐसे रणनीतिक प्रयासों से भारत इजराइल-हमास युद्ध और बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों से निर्मित चुनौतियों के बीच नए वैश्विक आर्थिक अवसरों को मुट्ठियों में लेते हुए दिखाई देगा।

# एक आईएएस की राज्य के शक्तिमान बनने की अंतर्कथा

**किस्सा-ए-आईएएसः सुरेश तिवारी**

यह कहानी है 2000 बैच के एक ऐसे आईएएस अफसर की, जो एक राज्य की सत्ता में शक्तिमान के रूप में स्थापित होने की और अग्रसर है। हम यहां बात कर रहे हैं वी के पांडियन की, जिन्हें मुख्यमंत्री ने भारतीय प्रशासनिक सेवा से वीआरएस दिलवाकर सरकार के सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 5टी (ट्रांसफॉर्मेशनल इनिशिएटिव) का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

नवीन पटनायक ने 31 मई 2019 को जब पांचवीं बार ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, उसके दो दिन बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर काफी वायरल हुई थी। इसमें मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपने निवास में मुस्कुराते हुए दिखाई दिए, उनकी कुर्सी के पीछे वीके पांडियन खड़े थे। कई लोगों के लिए यह पटनायक के शक्तिशाली निजी सचिव की पहली झलक थी।

ऐसा व्यक्ति जिसने सालों मुख्यमंत्री के साथ बिताए, पर हमेशा फ्रेम से बाहर रहा। उस दिन सीएमओ ने ही यह फोटो पोस्ट की, जबकि बीजू जनता दल (बीजेडी) के नेताओं ने इसे साझा किया था और पार्टी की सत्ता में वापसी के लिए पटनायक के साथ साथ वीके पांडियन की भी सराहना की। उसके बाद से पांडियन का कद लगातार बढ़ता रहा और अब उनका कद राज्य कैबिनेट के सभी मंत्रियों से बड़ा दिखाई देने लगा।

नई जिम्मेदारी में अब पांडियन सीधे मुख्यमंत्री को रिपोर्ट करेंगे। इससे पहले वीके पांडियन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निजी सचिव के रूप में कार्य करते थे। देश में संभवतः यह पहला उदाहरण है जब किसी ब्यूरोक्रेट ने वीआरएस लेने के बाद सरकार में अपना इतना प्रभाव बनाया हो। पांडियन की छवि साधारण और ईमानदार आईएएस के रूप में होती है। खास बात यह कि वे ब्यूरोक्रेसी में होने के बाद भी कभी सूटबूट में नजर नहीं आए। हमेशा सफेद रंग की फुल स्लीव वाली सिंपल शर्ट और पांव में जूतों की जगह चप्पल ही पहनते हैं।

बीजेडी (बीजू जनता दल) में आईएएस वीके पांडियन की भूमिका आकार ले रही है। वीआरएस के बाद उन्हें सरकार के जिस नए पद से नवाजा गया है। केंद्र से ङ्कस-अधिकारी के रूप में उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति को मंजूरी मिलने के अगले दिन ही ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उन्हें कैबिनेट मंत्री के पद के साथ एक नई भूमिका सौंपी। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार में उनका प्रभाव पहले की तरह बना रहेगा, बल्कि वे ज्यादा प्रभावशाली होकर काम कर सकेंगे।



इस पूर्व आईएएस को 5टी (ट्रांसफॉर्मेशनल इनिशिएटिव) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह ओडिशा की नवीन सरकार का एक कार्यक्रम जिसका उद्देश्य ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है। इसका नेतृत्व वे पहले सचिव के रूप में कर चुके हैं।

राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, वे अब सीधे मुख्यमंत्री के अधीन काम करेंगे। हालांकि, पहले भी कई पूर्व नौकरशाहों को कैबिनेट रैंक दिया गया, लेकिन यह पहली बार है कि कोई सीधे मुख्यमंत्री पटनायक को रिपोर्ट करेगा। वीके पांडियन को जो नई जिम्मेदारी दी गई वो अपने आप में बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण पहल है। उन्हें '5टी' को संचालित करने का अपार अधिकार दिया गया, जिसकी पहुंच राज्य सरकार के लगभग हर विभाग में है। 5टी का मतलब पारदर्शिता, टीम वर्क, प्रौद्योगिकी और समय है, जो राज्य को विकास से बदलाव की और ले जाता है।

प्रशासनिक तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए इस कार्यक्रम को नवीन पटनायक सरकार के पांचवें कार्यकाल में लॉन्च किया गया है। वास्तव में तो 5टी योजना को 2011 से मुख्यमंत्री के निजी सचिव वीके पांडियन के दिमाग की उपज माना जाता है। इसके तहत राज्य के 4 हजार से अधिक हाईस्कूलों को नवीन कक्षाओं में बदला गया है। इन स्कूलों की प्रयोगशाला और खेल के मैदानों को व्यवस्थित किया गया।

राज्य सरकार की कुछ सर्वोच्च प्राथमिकता वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भी पांडियन की सीधी देखरेख में 5टी पहल के तहत शुरू की गई। इनमें पुरी को विश्व स्तरीय विरासत शहर में बदलना, कटक में एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उन्नयन, प्रमुख मंदिरों का पुनर्विकास और कॉलेजों का परिवर्तन शामिल है।

ये परियोजनाएं पूरे राज्य में जोर-शोर से चल रही हैं और कुछ तो पूरी होने वाली हैं। इन परियोजनाओं की सफलता का श्रेय सीधे तौर पर पूर्व आईएएस वीके पांडियन को दिया जाता है। इसी तरह, हाल ही में लॉन्च की गई 'अमा ओडिशा-नवीन ओडिशा' (हमारा ओडिशा, नया ओडिशा) योजना, अमा गांव-अमा बिकाश (हमारा गांव, हमारा विकास) योजना की रीपैकेजिंग है, जिसे 2019 के चुनावों से पहले लॉन्च किया गया था। उस साल यह योजना पटनायक की चुनावी जीत के प्राथमिक कारकों में से एक था।

नई नियुक्ति से वीके पांडियन के पास इन परियोजनाओं की सीधे देखभाल करने का अधिकार होगा। अगर लोगों को उनके गांव में उनकी पसंद की कोई परियोजना मिलेगी, तो स्वाभाविक रूप से सरकार से उनका गुस्सा कम हो जाएगा। इन अटकलों के बीच यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि वीके पांडियन 2024 के चुनावों से पहले राजनीति में कदम रख सकते हैं। सत्तारूढ़ बीजेडी में भी अब यह हलचल है कि पूर्व ङ्कस अधिकारी अब पार्टी के मामलों में सार्वजनिक रूप से हस्तक्षेप कर सकते हैं। क्योंकि, वीआरएस के बाद अब वे अखिल भारतीय सेवा आचरण नियमों से बंधे नहीं हैं।

**एग्रीकल्चर से ग्रेजुएशन की पढ़ाई:**वीके पांडियन मूलतः तमिलनाडू से हैं और उनका पूरा नाम वी कार्तिकेयन पांडियन है। उनका जन्म 29 मई 1974 को तमिलनाडु में हुआ था। वे तमिल, उड़िया, अंग्रेजी और हिंदी जैसी कई भाषाएं जानते हैं। पांडियन ने एग्रीकल्चर में ग्रेजुएट की डिग्री एग्रीकल्चर कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट मदुरै से ली और पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली से पूरी की। इसके बाद उन्होंने 2000 में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

उन्होंने अपना करियर पंजाब कैडर में शुरू किया था। हालांकि, उड़िया की ङ्कस अफसर सुजाता राउत से शादी के बाद उनका कैडर बदला और फिर उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। कालाहांडी जिले में धर्मगढ़ सब-कलेक्टर के रूप में अपना करियर शुरू किया। 2011 में वे ओडिशा के मुख्यमंत्री कार्यालय में शामिल हुए और जल्द ही नवीन पटनायक के सबसे भरोसेमंद लेफ्टिनेंट बन गए। अब वे ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के '5टी' के कर्ताधर्ता हैं।

**राजनीति में आने की अटकलें मार्च से:** वीके पांडियन के आईएएस छोड़ने और नवीन की पार्टी में शामिल होने की खबरें तब से चल रही थीं, जब उन्होंने इस साल मार्च में राज्य के विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करना शुरू किया। वे तब ओडिशा सरकार की '5टी' योजना के सचिव के रूप में भी काम करते रहे। उन्होंने लोगों की शिकायतों को दूर करने के लिए सभी 147 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। यह एक ऐसा कदम था जिसे व्यापक रूप से उनकी राजनीतिक आकांक्षाओं के लिए आधार के रूप में देखा गया।

**नवीन पटनायक के उत्तराधिकारी:** पांडियन ने नवीन से अपनी प्रभावशाली भूमिका और अटूट विश्वास के लिए महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया, जो 77 साल की आयु में 2024 में मुख्यमंत्री के रूप में संभावित छठे कार्यकाल की तैयारी में हैं। वीके पांडियन शीर्ष राजनीतिक रणनीतिकार बनेंगे और खुद भी चुनाव लड़ सकते हैं। उन्हें नवीन पटनायक का उत्तराधिकारी भी माना जा रहा है। विपक्षी दलों ने पांडियन के विधानसभा दौरों की नौकरशाही के अतिक्रमण के रूप में आलोचना की थी। लेकिन, मुख्यमंत्री ने सितंबर में उनका बचाव करते हुए इस पहल को उनके दिमाग की उपज बताया। बीजू जनता दल ने पांडियन के आउटरीच कार्यक्रम के प्रति जनता की प्रतिक्रिया को उम्मीदों से अधिक बताया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# मध्यप्रदेश में फिर बनेगी भाजपा सरकार, डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां लोगों को बताएं : प्रहलाद सिंह पटेल

### केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बैहर, लखनादोन, केवलारी और बरघाट में जनसभाओं को किया संबोधित



सिवनी/बालाघाट, । भाजपा एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसका प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं उम्मीदवार होता है और चुनाव लड़कर जिताता है। प्रत्याशी में इतनी शक्ति ही नहीं होती कि वो अकेले चुनाव लड़कर जीत जाए। पार्टी का संगठन और कार्यकर्ताओं की ऊर्जा ही उम्मीदवार को विजयश्री दिलाती है। यह बात केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने सिवनी जिले की लखनादोन विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। श्री पटेल ने कहा कि अब समय आ गया है और कार्यकर्ता को पूरी ऊर्जा के साथ मैदान में जुटना होगा, हर बूथ पर जीत का संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी श्री विजय सिंह उइके सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने बैहर, लखनादौन, केवलारी और बरघाट में भी जनसभा को संबोधित किया।

#### कार्यकर्ता दो प्रश्नों का जवाब खुद से मांगें

श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह दो प्रश्नों का जवाब खुद से मांगें। पहला, वह राजनीति में क्यों आए। दूसरा, राजनीति में करने के लिये उन्होंने भाजपा को ही क्यों चुना। इन दो प्रश्नों का जिस दिन ठीक-ठीक जवाब मिल जाएगा, उस दिन दुनिया की कोई शक्ति आपको अपने लक्ष्य से नहीं भटका सकती। श्री पटेल ने कहा कि आज से 17 नवंबर तक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह विधानसभा के सभी 407 बूथों पर पार्टी की जीत तय करें।

#### आज पार्टी को जिताने के लिए कई उपलब्धियां

श्री पटेल ने कहा कि चुनाव के दिनों में प्रत्याशी हर बूथ तक नहीं जा सकता। इसलिए कार्यकर्ता को समझना होगा कि उसे क्या करना और कैसे करना है। आज भाजपा की सरकार की कई उपलब्धियों कार्यकर्ताओं को लोगों को बताने के लिए हैं, लेकिन आज से कुछ साल पहले पार्टी के पास सरकार तो दूर कार्यकर्ता भी पर्याप्त नहीं थे। श्री पटेल ने कहा कि हम किस मुश्किल वक्त से पार्टी को निकालकर लाए हैं, वो एक लंबी कहानी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सरकार और प्रदेश की श्री शिवराज सिंह चौहान सरकार ने जनता को जो दिया वो विकास भी है और सम्मान भी है।

#### बहुमत प्रंचड होगा तो भारत अखंड होगा

श्री पटेल ने केवलारी में भाजपा प्रत्याशी श्री राकेश सिंह पाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बहुमत प्रचंड होगा तब सही मायनों में भारत अखंड होगा। इसका उदाहरण केंद्र की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार है। पूर्ण बहुमत के चलते भाजपा देशहित में काम कर रही और जो करना चाहती थी वो किया। प्रदेश में 17 नवंबर को मतदातन के दिन प्रदेश में भाजपा के पक्ष में प्रचंड मतदान करना होगा, ताकि तरक्की का रास्ता खुला रह सके। श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता सदैव सत्ता पर एकाधिकार की रही है ,लेकिन वोट की ताकत के आगे कांग्रेस की एक नहीं चली। इस बार के चुनाव में भी कांग्रेस का चुनाव हारना तय है।

#### भाजपा के पास देश के विकास का विजन

श्री पटेल ने कहा कि भाजपा के पास देश के विकास का विजन है, न कि सत्ता के उपभोग का विचार। कांग्रेस को लोकतंत्र से नहीं टकराना चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र भारत की अस्मिता है। भारत अपने लोकतंत्र के लिए दुनिया में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आतंक और भय के साए में चुनाव कराए और मतदाताओं को डरा-धमकाकर वोट हासिल करने की चालें चली हैं। समय बदल गया है और अब भाजपा का सुशासन जनता के पास एक बेहतरीन विकल्प है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह जब सीएम शिवराज सिंह के कन्या पूजन को नौटंकी करार देते हैं तो बहुत दुःख होता है। राजनीति अपनी जगह है और देश की संस्कृति अपनी जगह। सत्ता पाने के लिए इतना पागल होना अच्छा नहीं है,लेकिन कांग्रेसी सदैव यही करते रहे।

#### कांग्रेस करती तुष्टीकरण की राजनीति

श्री पटेल ने बालाघाट जिले की बैहर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी श्री भगत सिंह नेताम का नामांकन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में वोट की ताकत ही निर्णायक है। आपके हाथ में वो ताकत है, जरूरी है इस ताकत को सही दिशा देने की। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा इसलिए वोट नहीं मांगती कि उसे सरकार में आना है। जनता को दोनों पार्टियों भाजपा और कांग्रेस के चरित्र के फर्क को जानना-समझना होगा ,ताकि सच्चाई को समझा जा सके। कांग्रेस ने बीते 70 सालों में अपने परिवार के विकास और तुष्टीकरण को अपना मुख्य लक्ष्य बनाया। भाजपा का चरित्र देशव्यापी सोच से जुड़ा हुआ है।

## भोजपुर विधानसभा चुनाव हेतु 19 अभ्यर्थी के प्राप्त हुए नाम निर्देशन पत्र

**औबेदुल्लागंज ।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 141-भोजपुर के लिए कुल 19 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं। भोजपुर विधानसभा निर्वाचन के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी सुरेन्द्र पटवा, इंडियन नेशनल कॉग्रेस के अभ्यर्थी राजकुमार पटेल, निर्दलीय अभ्यर्थी मनोज चौहान, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की अभ्यर्थी नयनतारा डॉ धमेन्द्र अहिरवार, निर्दलीय अभ्यर्थी मनोज कुमार चौबे, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी विनोद राज, जय लोक पार्टी के अभ्यर्थी गुन्देश कुमार खाम्बरा, सपाक्स पार्टी की अभ्यर्थी सीमा शर्मा, निर्दलीय अभ्यर्थी संयम कुमार जैन, निर्दलीय अभ्यर्थी गनेश मालवीय, निर्दलीय अभ्यर्थी मनीष मालवीय, निर्दलीय अभ्यर्थी तन्मय पटवा, निर्दलीय अभ्यर्थी चंदन सिंह, अखिल भारतीय साम्राज्य पार्टी के अभ्यर्थी मोनु, अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी की अभ्यर्थी राधा बृजमोहन बाई, निर्दलीय अभ्यर्थी सीमा पोर्ते, गण सुरक्षा पार्टी के अभ्यर्थी कमलेश उईके, निर्दलीय अभ्यर्थी कैप्टन अनिल कुमार खरे, निर्दलीय अभ्यर्थी फूल कुमार प्रजापति का नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुआ है।

## अरुण भीमावद भाजपा प्रत्याशी शाजापुर ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया



शाजापुर। जिले की तीनों विधानसभा शाजापुर, शुजालपुर एवं कालापीपल के भाजपा प्रत्याशियों ने कार्यकर्ताओ के उत्साह के साथ सोमवार को अपने अपने नामांकन रिटर्निंग आफिसर को जमा किए। नामांकन जमा करने के पूर्व निकली नामांकन रैली में कार्यकर्ताओ का जन सैलाब उमड़ पड़ा। शुजालपुर से भाजपा प्रत्याशी इंदरसिंह परमार एवं कालापीपल प्रत्याशी घनश्याम चंद्रवंशी की नामांकन रैली में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक शामिल हुए वही शाजापुर प्रत्याशी अरुण भीमावद की नामांकन रैली में क्षेत्रीय सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी शामिल रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया की शाजापुर जिले की तीनों विधानसभा के भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन जमा करने के पूर्व नामांकन रैली का आयोजन किया। शुजालपुर विधानसभा के प्रत्याशी इंदर सिंह परमार की नामांकन रैली श्री राम मंदिर से सुबह 10ः00 बजे प्रारंभ हुई जिसमें केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक सहित भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक नायक जिला चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक विजेंद्र सिंह सिसोदिया जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाडा जिला महामंत्री विजय सिंह बेस सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## तरावली में हरसिद्धि लोक और बरखेड़ी में परिक्रमा पथ करेंगे विकसितः खत्री

बैरसिया। भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने सोमवार को अपना नाम निर्देशन पत्र जमा कर दिया है। नामंकन पत्र रेंज चौराहा माता मंदिर से रैली के रूप में सैकडों कार्यकर्ताओं के साथ पहुँच कर जमा किया। नामंकन के पूर्व भाजपा के कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ रेंज चौराहा पर एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे।नामांकन के बाद विष्णु खत्री ने कहा कि हमने विकास किया है। अधोसंरचना के क्षेत्र में हम अव्वल रहे है। आगामी समय में हम तरावली में हरसिद्धि लोक बनाएंगे। हमारे क्षेत्र के हरसिद्धि मंदिर में पूरे प्रदेश से लोग माँ के दर्शन करने आते है। दर्शनार्थियों की सुविधा के हिसाब से यह लोक तैयार होगा। इसके अलावा यहां पर परिक्रमा पथ भी विकसित करेंगे। इसी तरह से देव बरखेड़ी में हर तीन साल में परिक्रमा होती है। इसपरिक्रमा पथ को भी विकसित करेंगे।

## मीणा बने बैरसिया भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी

बैरसिया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह मीणा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बैरसिया विधानसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंदराम गुर्जर, भाजपा के वरिष्ठ नेता पर्वत सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता राजमल गुप्ता, वरिष्ठ नेता गोपालदास आगर, वरिष्ठ नेता रमेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजमल कुशवाह, लक्ष्मी नारायण शिल्पी, मोहन सोनी ने उन्हें बधाइयां दी।

## केवलारी की जनता ने 2018 में कांग्रेस की गुंडागर्दी खत्म कर दी थीः राकेश पाल सिंह

सिवनी- केवलारी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने आखरी दिन 30 अक्टूबर को अपना नामाकंन दाखिल कर दिया। उगली नाका से हजारों की तादाद भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने अपना नामांकन दाखिल कर किया। भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केवलारी भगवामय हो गया। जय श्रीराम और केवलारी का एक ही लाल राकेश पाल राकेश पाल, जीतेगा भाई जीतेगा राकेश पाल जीतेगा के नारों के उद्घोष के साथ हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के उपरान्त बस स्टैंड मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने मुख्य अथिति के तौर पर शिरकत की। उन्होंने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा उद्देश्य समस्त जनता विकास है माता और बहनों का सशक्तिकरण और उनके स्वाभिमान की रक्षा करना उत्तरदायित्व है। उन्होंने केवलारी की जनता से भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह को भारी बहुमत से जिताने की अपील की और कहा कि केवलारी विधानसभा में विकास 28 साल से अवरूद्ध था इन पांच सालों मे विकास को गति मिली है, और इस गति को ऐसे ही बनाए रखना है।

## बसपा प्रत्याशी विश्राम सिंह बौद्ध ने की प्रेसवार्ता, बोलें भाजपा कांग्रेस ने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया

बैरसिया।। सोमवार 30 सितंबर बैरसिया विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी मास्टर विश्वास सिंह ने प्रेस वार्ता रखीं। प्रेसवार्ता में कहा कि बैरसिया के मतदाताओं के साथ भाजपा कांग्रेस हमेशा ठगी करतीं आईं हैं. हम जब जनता बीच पहुंचे और लोगों की समस्याओं को जाना लोग परेशान हैं। लोगों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा लोग तीसरा विकल्प तलाश रहे. मैं स्थानीय प्रत्याशी हूं मैंने बैरसिया को करीब से देखा और जाना है यहां अभी बहुत कुछ करना बाकी है. इस बार निश्चित ही क्षेत्र का मतदाता बहुजन समाज पार्टी को 40 हजार मतों से विजय बनाने वाला है. हमारा सीधा मुकाबला भाजपा से है कांग्रेस का कोई बजूद ही नहीं. जनता हमें आशीर्वाद देंगी और हमारे विकास के मुख्य बिंदु, समस्त विभागों में संविदा पद पर पदस्थ संविदा शब्द को हटाकर स्थाई शासकीय पद पर नियुक्ति करेंगे अतिथि शिक्षकों को शासकीय नियमित पदों पर नियुक्ति की जाएगी जिन गरीबों के पास जमीनें तो है मगर कब्जे नहीं उन्हें कब्जा दिलाने का काम करेंगे।

## रतलाम ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मणसिंह डिंडोर को मिल रहा आशीर्वाद



रतलाम। रतलाम ग्रामीण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मणसिंह डिंडोर को गांव-गांव में जीत का आशीर्वाद मिल रहा है। सोमवार को मप्र शासन के पूर्व धर्मस्व मंत्री पं. मोतीलाल दवे की पुण्यतिथि पर समाधि स्थल पहुंच पुष्पांजलि अर्पित कर पार्टी पदाधिकारियों के साथ जनसंपर्क की शुरूआत की। ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान केलो से तोला गया। फूल मालाओं, ढोल ढमाकों के साथ स्वागत किया।

प्रत्याशी लक्ष्मणसिंह डिंडोर पार्टी जिलाध्यक्ष ग्रामीण कैलाश पटेल, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ भाबर, सत्यनारायण चौधरी, राजवीरसिंह, सतपाल जाट, सूरज जाट, उदयलाल, देवेंद्रसिंह सेजावता आदि के साथ सबसे पहले गांव उंडवा पहुंचे। यहां पर प्रत्याशी डिंडोर ने बुजूर्गो से आशीर्वाद लिया और उनकी समस्याएं भी जानी। युवाओं से संवाद किया। ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। गांव खारी में जनपद सदस्य धर्म गामड़, पूर्व सरपंच रुपसिंह भाबर, देवीलाला जाट, ब्लॉक अध्यक्ष दथरथ भाबर सहित ग्रामीणों ने साफा बांध फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रत्याशी डिंडोर ने गांव कमलपाड़ा, चरवा, हल्दूपाड़ा, छायन, भेरुपाड़ा, मूंगथली, गुर्जरपाड़ा, मउड़ीपाड़ा, ईमलीपाड़ा, सोलंकीपाड़ा, भैंसाखादन, वडलीपाड़ा, कोयलावट, बोरपानी, पलास, हिम्मतगढ़ में जनसंपर्क किया गया। हर एक गांव में प्रत्याशी डिंडोर का ग्रामीणों ने फूल मालाओं एवं साफा बांध कर स्वागत किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी कराड़ा ने भरा नामांकन फार्म



शाजापुर। विधानसभा चुनाव के मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है चुनावी रंग पूरे शहर में दिखाई दे रहा है। सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन शाजापुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी हुकुमसिंह कराड़ा ने भारी जनसमूह के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन दाखिल कर शाजापुर से हुंकार भरी। जिनके स्वागत के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में होड़ मच गई।

शाजापुर विधानसभा से लगातार आठवी बार कांग्रेस ने हुकुमसिंह कराड़ा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। जिसमें से वे पांच बार चुनाव में विजय हासिल कर पूर्व में मध्यप्रदेश कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे हैं इस बार भी हाईकमान ने कराड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है, जिन्होंने सोमवार को नामांकन लाव-लश्कर के साथ रिटर्निंग ऑफिसर को जमा किया। इसके बाद आम जनता के साथ आशीर्वाद रैली निकाली गई जो टंकी चौराहा से शुरू होकर महूपुरा, किला रोड, छोटा चौक, बड़ा चौक, नई सड़क, बस स्टैंड से ए.बी. रोड होते हुए स्टेडियम ग्राउंड पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई।

यहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्री कराड़ा ने कहा कि आज समय परिवर्तन का है और इस बार परिवर्तन जरूर होगा तथा कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आते ही कमलनाथ जी के 12 वचन जरूर पूरे होंगे तथा कांग्रेस की सरकार अपने साथ खुशहाली लेकर आएगी। वहीं नर्मदा का पानी भी पूरी विधानसभा क्षेत्र को मिलेगा जिससे जलसंकट और सिंचाई का किसानों का संकट हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो जाएगा। तो किसानों को 2600 रू. समर्थन मूल्य दिया जाएगा और आप सभी जानते हैं कि कांग्रेस जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं पर मुझे पूरा भरोसा है जो जन-जन तक कांग्रेस की विचारधार पहुंचाएंगे और जनता को मतदान के लिए प्रेरित कर सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## अग्रवाल समाज ने किया बुजुर्गों और प्रतिभाओं का सम्मान

छतरपुर। सरानी दरवाजा बाहर स्थित सिद्धपीठ श्री महालक्ष्मी मंदिर में सोमवार को अग्रवाल समाज के दशहरा मिलन के साथ पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सत्र 2022-23 के मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल युवाओं का सम्मान, समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान और जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समारोह में अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार जिले में छोटे- बड़े गांव-कस्बे में हर जगह अग्रसेन जयंती मनाई गई। उन्होंने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि जब समाज की निर्वाचित कार्यकारिणी काम कर रही है तब समानांतर संगठन खड़ा करना उचित नहीं है। उन्होंने समाज की गृह निर्माण समिति से अग्रवाल समाज की कालोनी बनाने को कहा जिसमे अग्रसेन भवन भी बने। जिलाध्यक्ष ने शिक्षा प्रसार समिति से समाज के स्कूल के उन्नयन के लिए काम करने पर जोर दिया। उन्होंने समाज के सभी पदाधिकारियों और संगठनों से कहा कि सभी अपने क्षेत्र में नए काम करे ताकि सामाजिक परिवर्तन होता दिखाई दे। उन्होंने 17 दिसंबर को प्रस्तावित सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर भाग लेने को कहा। पुस्तिका में प्रकाशन के लिए बायोडेटा फॉर्म लेकर जल्द जमा करने की जरूरत भी जिलाध्यक्ष श्री अग्रवाल ने बताई। उन्होंने अग्रसेन जयंती के दिन संस्था के कुछ पदाधिकारी द्वारा दुकानें खोले रहने पर ऐतराज किया और कहा कि जयंती समारोह में महिलाओं की ही अधिकतम भागीदारी रहती है ।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर माध्यमिक शिक्षक समेत दो पर गिरी गाज

सीहोर। निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर माध्यमिक शिक्षक समेत दो को निलंबित कर दिया गया।

जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने सीएम राइज स्कूल जावर के माध्यमिक शिक्षक संदीप कुमार मालवीय को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है। माध्यमिक शिक्षक संदीप मालवीय को विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 16 अक्टूबर को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश गए थे। वे बिना किसी सूचना के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। जिसके लिए उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। श्री मालवीय द्वारा कारण बताओ नोटिस का भी कोई जवाब नही दिया गया। इसके साथ ही उनका मोबाइल नंबर भी बंद पाया गया। इसी तरह जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने आबकारी कार्यालय के सहायक ग्रेड-2 राजमोहन उईके को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 17 अक्टूबर को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश गए थे। वे बिना किसी सूचना के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। जिसके लिए उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। श्री उईके द्वारा कारण बताओं नोटिस का भी कोई जबाव नही दिया गया। इसके साथ ही उनका मोबाइल नंबर भी बंद पाया गया।माध्यमिक शिक्षक संदीप मालवीय और सहायक ग्रेड-2 राजमोहन उईकेद्वारा निर्वाचन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## बीजेपी और बीएसपी के प्रत्याशी पर प्रकरण दर्ज





भिण्ड। आचार संहिता का उल्लघंन और बिना अनुमति के 100 - 100 वाहनों का प्रचार प्रसार में उपयोग करने पर विधान सभा प्रत्याशी नरेंद्र कुशवाह (भाजपा) और संजीव कुशवाह (बसपा) के विरुद्ध धारा 341 और 188 में भिंड थाना देहात में अलग - अलग प्रकरण दर्ज हुआ।

#### जवाहर व्यायामशाला ने भाजपा प्रत्याशी चेतन्य काश्यप का स्वागत कर दी जीत की शुभकामनाएं

रतलाम। भाजपा प्रत्याशी चेतन्य काश्यप का जवाहर व्यायामशाला द्वारा स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर व्यायामशाला के गौरव जाट पहलवान, वैभव जाट पहलवान, अमन जाट द्वारा स्वागत कर श्री काश्यप को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, देवशंकर पांडेय, यतेंद्र भारद्वाज, मनीष शर्मा, विजय जादव, कमल धाकड़, विजय भाटी सहित व्यायामशाला से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 75 अभ्यर्थियों द्वारा 98 नाम निर्देशन पत्र भरे गये

छतरपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में विधान सभा निर्वाचन 2023 कराये जा रहे है। जिले में 21 अक्टूबर से प्रारंभ हुई नामांकन प्रक्रिया में सोमवार 30 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्र भरने का अंतिम दिन था। सोमवार को 75 अभ्यर्थियों द्वारा 98 नाम निर्देशन पत्र भरे गये।

विधानसभा क्षेत्र महाराजपुर में आम आदमी पार्टी से ख्यालीराम पटेल, निर्दलीय पुष्पेन्द्र, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से परशराम पाल, निर्दलीय लेखराम पटेल, समाजवादी पार्टी से अजय तिवारी, बहुजन समाज पार्टी से महेश चन्द्र कुशवाहा, जनअधिकार पार्टी से गिरजा प्रसाद कुशवाहा, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी से पुरुषोत्तम, इंडियन नेशनल कांग्रेस से नीरज दीक्षित, निर्दलीय रामपाल अहिरवार, भारतीय जनता पार्टी से सुनील कुमार, निर्दलीय संतोषी, मालवा कांग्रेस हसन खॉ, निर्दलीय नृपत, वास्तविक भारत पार्टी से पंकज अहिरवार, विधानसभा क्षेत्र चंदला से जनअधिकार पार्टी से योगेश प्रजापति, भारतीय जनता पार्टी से अहिरवार दिलीप, आम आदमी पार्टी से अरविन्द, आम आदमी पार्टी से रामसखी, भारतीय जनता पार्टी से अहिरवार दिलीप, निर्दलीय अहिरवार रामदीन, निर्दलीय प्रेमचन्द्र वर्मा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से अनुरागी हरप्रसाद (गोपी मास्टर), समाजवादी पार्टी से अहिरवार पुष्पेन्द्र कुमार, निर्दलीय शिवचरण अहिरवार, राष्टीय जन संचार दल से रामबिहारी अहिरवार, अखण्ड भारत साम्राज्य पार्टी से विनोद कुमार अनुरागी, बलीराजा पार्टी से काजल राय, विधानसभा क्षेत्र राजनगर में बहुजन समाज पार्टी से घासीराम पटेल, निर्दलीय नीरज निरंजन, भारतीय जनता पार्टी से अरविन्द पटैरिया, आम आमदी पार्टी से राजू पाल, आम आदमी पार्टी से मुबारक खां, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से विक्रम सिंह, जनअधिकार पार्टी से हरीमोहन अहिरवार, निर्दलीय भूरा पटेल, निर्दलीय उमाकांत नामदेव, निर्दलीय परशुराम तिवारी, निर्दलीय विपिन शर्मा, निर्दलीय विपिन दुबे, जनता दल से रामकुंवर रैकवार, निर्दलीय अजय सिंह यादव, निर्दलीय प्रमोद कुमार चौबे, आजाद समाजवादी पार्टी (कांशीराम) से मोतीलाल अहिरवार, विधानसभा क्षेत्र छतरपुर में निर्दलीय ललिता यादव, निर्दलीय ललता, आम आदमी पार्टी से भागीरथ पटेल, बहुजन समाज पार्टी से डीलमणि सिंह उर्फ बब्बू राजा बुन्देला, आम आदमी पार्टी से श्रीमती सविता पटेल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आलोक चतुर्वेदी, निर्दलीय मु. इस्तयाक, निर्दलीय मो. नवाब खान, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से रामचरण अहिरवार, भारतीय जनता पार्टी से ललिता यादव, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आलोक चतुर्वेदी, निर्दलीय हरिशचन्द्र अहिरवार, समाजवादी पार्टी से बेनीप्रसाद चंसोरिया, निर्दलीय मनोज कुमार अग्रवाल, निर्दलीय अनीश सौदागार, सपाक्स से राजा भईया प्रजापति, निर्दलीय जवाहर लाल द्विवेदी, विधानसभा क्षेत्र बिजावर में निर्दलीय राकेश, समाजवादी पार्टी से रेखा, निर्दलीय जगदीश प्रसाद मिश्रा, निर्दलीय चरण सिंह यादव, भारतीय शक्ति चेतना मंच से परमलाल, निर्दलीय भुवन विक्रम सिंह, भारतीय सभ्यता पार्टी से लीलाधर राजपूत, निर्दलीय रमाकांत शुक्ला, निर्दलीय भागीरथ तिवारी, जनअधिकारी पार्टी से काशीराम कुशवाहा, निर्दलीय जगदीश प्रसाद कुशवाहा, निर्दलीय कैलाश कुशवाहा, अखण्ड भारत साम्राज्य पार्टी से धरमदास कोंदर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से चरण सिंह यादव, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चेतराम अहिरवार, निर्दलीय मो. फरीद, निर्दलीय छिकोड़ी और विधानसभा क्षेत्र मलहरा में भारतीय जनता पार्टी से कुंवर प्रद्युम्न सिंह लोधी, निर्दलीय धर्मेन्द्र कुमार साहू, निर्दलीय हरि सींग गौड़, निर्दलीय नारायण अहिरवार, निर्दलीय पंचू, निर्दलीय बालकिशन, बहुजन समाज पार्टी से लखन लाल अहिरवार, भारतीय जनता पार्टी से कुंवर प्रद्युम्न सिंह लोधी, विंध्य जनता पार्टी से अनुज दिनेश यादव, निर्दलीय अमितेश प्रताप सिंह ठाकुर, निर्दलीय देवीदीन उर्फ कलन अहिरवार, समाजवादी आम जनता दल से आशुतोष पाठक, समाजबादी पार्टी से मोतीलाल यादव और निर्दलीय सरमना द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरा गया है।

## झूठ पर खडी कांग्रेस को नकारें, जनहितैषी भाजपा को जितायेंः ललिता यादव



छतरपुर। कांग्रेस सिर्फ झूठ बोलने और भ्रष्टाचार के काम में माहिर है इसलिए आप अपना कीमती वोट व्यर्थ में बर्बाद न करें। आपकी हितैषी भारतीय जनता पार्टी को ध्यान में रखकर कमल के फूल पर बटन दबाकर भाजपा को ही जिताएं। ये बात भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने ग्राम राजापुरवा में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से कही। उन्होने ग्रामीणों से कहा कि गांव में यज्ञ के समय मैं निजी पारिवारिक समस्या के कारण नहीं आ सकी इसके लिये क्षमा चाहती हूं। वैसे मैं हमेशा आपकी सेवक के रूप में हमेशा आपके बीच मौजूद रही हूं। हम तो आपके परिवार के सदस्य हैं आप पूरी मेहनत और समर्थन से जुट जाये तो छतरपुर से भाजपा की जीत तय है। उन्होंने कहा आपने मुझे दो बार जिताया, सरकार में मंत्री बनाया और मैंने भी विकास में कसर नहीं छोड़ी। चाहे समाज भवन की बात हो, सड़कों की बात हो या अन्य शासकीय योजनाओं को जनता तक पहुचाने की बात सभी कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण से किये हैं। गांव के लोगों पर मुझे भरोसा है कि वे मुझे परिवार जैसा स्नेह देकर भाजपा को जिताने और एक बार फिर भाजपा सरकार बनवाने में पीछे नहीं रहेंगें। झूठ पर खडी कांग्रेस को नकारें, जनहितैषी भाजपा को जितायें। गांव के बुजुर्ग, माता, बहनों ने विश्वास दिलाया कि वे भाजपा के कार्यों से संतुष्ट हैं और एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे।

## वृंदावन प्लांटेशन लिमिटेड का आईपीओ खुला

मुंबई, एजेंसी। स्थायी पद्धतियों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए विख्यात,वृंदावन प्लांटेशन लिमिटेड ने 30 अक्टूबर, 2023 इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत ?108 के निश्चित मूल्य पर ?15.29 करोड़ एकत्र करना है.शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट किया जाएगा. आईपीओ से प्राप्त शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी और असुरक्षित कर्ज का पुनरभुगतान करने,कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और आम कॉरपोरेट कार्यों का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा.इश्यू 1 नवंबर, 2023 को बंद होगा.इश्यू की लीड मैनेजर इंटरएक्टिव फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड है और इश्यू की रजिस्ट्रार केएफआईएन टेक्नोलॉजिस लिमिटेड है.वृंदावन प्लांटेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर,श्री उपेंद्र तिवारी ने कहा,मुझे वृन्दावन प्लांटेशन लिमिटेड के लिए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है.हमारी यात्रा पर्यावरण संरक्षण और स्थायी पद्धतियों के साथ गहराई तक जुड़ी हुई जड़े इस आईपीओ के साथ एक महत्वपूर्ण पल तक पहुंची है. यह आफरिंग ना सिर्फ हमारी कंपनी के ग्रोथ मेंपरिलक्षित होती है बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है.आईपीओ से प्राप्त शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी और असुरक्षित कर्जका पुनरभुगतान करने,कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और आम कॉरपोरेट कार्य का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा.

## इस फेस्टिव सीज़न में एम.एस. धोनी के गिफ्टिंग प्लान की एक खास झलक!

**मुंबई, एजेंसी।** यह जादुई उत्सव के मौसम की शुरुआत है, जो नए सपनों, नए अरमानों, खुशी के लम्हों को रोशन करने के साथ-साथ हमारे जीवन में कभी ना खत्म होने वाले खुशहाली और समृद्धि की कामना करने का समय है। अपने परिवार और प्रियजनों के साथ मनाया जाने वाला उत्सव ही त्योहार है, और सही मायने में त्योहार ऐसा ही होना चाहिए! हर साल, हम अपने परिवार और दोस्तों को प्यार भरे तोहफे और शुभकामनाएँ देते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए इस साल जियोमार्ट और एम.एस. धोनी ने दिवाली के लिए सबसे बेहतरीन गिफ्ट्स की एक खास लिस्ट तैयार की है, जिनमें से आप अपने पसंदीदा तोहफे चुन सकते हैं।सही मायने में क्लासिक चीजों का कोई मुकाबला नहीं है! भारतीय मिठाइयों की तरह दुनिया की कोई ऐसी मिठाई नहीं है, जो हम भारतीयों के मीठे खाने की चाहत को संतुष्ट कर सके। चाहे बेसन के लड्डू हों, डोडा बर्फी हो या फिर काजू कतली हो, भारतीय मिठाइयों में विविधता की भरमार है। अब जियोमार्ट मिठाइयों के साथ ड्राई फ्रूट्स की प्रीमियम रेंज की पेशकश कर रहा है, जिसके बाद आपको अपने इलाके में इनकी सबसे अच्छी दुकान ढूंढने की कोई ज़रूरत नहीं है। आप जियोमार्ट पर बड़ी आसानी से ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं। यहाँ आपको शुद्ध सामग्रियों से तैयार एकदम असली स्वाद वाले बेहद मनभावन मिठाइयों की गारंटी मिलती है। चाहे आपको गिफ्ट देना हो या अपने मेहमानों को परोसना हो, लेकिन इन लजीज मिठाइयों का एक अतिरिक्त बॉक्स का ऑर्डर देना न भूलें ताकि आप बाद में इसके स्वाद का आनंद ले सकें! 299/- रुपये से शुरू होने वाले बेहतरीन ड्राई फ्रूट्स और नट्स की खरीदारी कीजिए, साथ ही 50 प्रतिशत तक की छूट का आनंद लीजिए।दिवाली एक नई शुरुआत के जज्बे को अपने साथ लाती है, तो ज़ाहिर है कि यह आपके और आपके परिवार के लिए एक नए वॉडरोब का अवसर भी है! कई दिनों तक चलने वाले उत्सव में परिवार से मिलना-जुलना और मेहमानों का स्वागत करना शामिल है, लेकिन इस दौरान हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हम हर बार सबसे बेहतर दिखें! तो इस बार क्यों न अपने परिवार के लिए खरीदारी की जाए और उन्हें जियोमार्ट से सीज़न के ट्रेडिशनल बेस्टसेलर का तोहफा दिया जाए।

## फोकस लाइटिंग का वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 109 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई, एजेंसी। एलईडी लाइट्स एवं फिक्चर्स के निर्माण और इनोवेटिव लाइटिंग सॉल्यूशंस में प्रवृत्त फोकस लाइटिंग एंड फिक्चर्स लिमिटेड (एफएलएफ) ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए फोकस लाइटिंग एंड फिक्चर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अमित शेठ ने कहा, हम सहर्ष दोनों आय और शुद्ध लाभ में पर्याप्त वृद्धि के साथ उल्लेखनीय सफलताओं की रिपोर्ट देते हैं. विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों में दिखाई दी जोरदार मांग ने इस ग्रोथ को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है. प्रोडक्ट डेवलपमेंट और रिसर्च के प्रति हमारा दृढ़ समर्पण हमारी सफलता का आधार स्तंभ बना हुआ है. सरकार के सपोर्ट ने भी रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऐतिहासिक स्थल के पुनरुत्थान और रिटेल उद्योग में निवेश को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है, जिससे हमें पर्याप्त सुअवसर प्राप्त हो रहे हैं. इसके अतिरिक्त ग्राहकों के बीच इनोवेटिव लाइटिंग सॉल्यूशंस के लिए बढ़ती जागरूकता और पसंद भी मांग में और वृद्धि करने के लिए सुसज्ज है. हमारे एबिटडा और शुद्ध लाभ में प्रभावशाली वृद्धि ने भी परिचालन कार्य कुशलता तथा लागत कम करने के उपाय करने पर हमारे निरंतर फोकस में मुख्य रूप से योगदान दिया हो सकता है. हमें पूर्ण विश्वास है कि बचे हुए वर्ष के दौरान भी हमारी इन्नोवेटिव प्रोडक्ट आफरिंग उल्लेखनीय ग्रोथ में वृद्धि करना जारी रखेगी।

## सिदगुवां के निवासी ने खुद बैंकिंग पॉइंट बनाके साथी ग्रामीणों की सुविधा बढ़ाई

भोपाल। मप्र के सागर जिले के सिदगुवां गांव में 35 वर्षीय मातादीन सेन जब डीबीटी लाभ पाने के लिए एक महीने तक नज़दीकी बैंक शाखा के चक्कर लगाने के बाद भी अपने बैंक खाते को लिंक नहीं कर पाए, तो बैंकिंग प्रणाली से उनका विश्वास उठ गया। नज़दीकी गाँव में स्थित सार्वजनिक बैंक की इस शाखा के साथ उनके खराब अनुभव ने मातादीन सेन को अलग दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। मातादीन रोज़ अखबार पढ़ते थे, जिससे उन्हें फिनो पेमेंट्स बैंक और उसके मर्चेंट मॉडल के बारे में पता चला। इसके बाद वो अपने गाँव में बैंकिंग सेवाएं लाने के लिए फिनो के लोकल बैंकिंग पार्टनर बन गए।

श्री सेन के इस बैंकिंग प्वाइंट से आसपास के गाँवों में लगभग 2800 नागरिकों और दुकानदारों को आशा की किरण मिली। इससे पहले, सेन की तरह ही इन लोगों को भी बैंकिंग सेवा पाने के लिए 15 से 20 किलोमीटर दूर स्थित बैंकिंग शाखा जाना पड़ता था, जिसमें उनका पूरा दिन लग जाता था।

## गूगल ने एकाधिकार के लिए खर्च किए 2630 करोड़ डॉलर, मोबाइल बनाने वाली व टेलीकॉम कंपनियों को दिया पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने मोबाइल फोन व अन्य उपकरणों में अपने सर्च इंजन को पहले से इंस्टॉल करवाने के लिए स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों और टेलीकॉम कंपनियों को साल 2021 में 2,630 करोड़ डॉलर दिए। ऐसा करके उसने इंटरनेट सर्च इंजन के क्षेत्र में अपना एकाधिकार बनाए रखा। अमेरिकी न्याय विभाग और कई राज्यों की ओर से गूगल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा को खत्म करने के लिए अनुचित तौर-तरीके अपनाने और अपना एकाधिकार कायम करने के आरोपों के साथ दायर मुकदमे में यह जानकारी सामने आई है। इनके जरिये सार्वजनिक किए गूगल सर्च प्लस मार्जिन नामक दस्तावेज में यह सामने आया है। आरोप है कि गूगल ने एप्पल सफारी, डकडकगो जैसे प्रतिद्वंदियों को सर्च इंजन के क्षेत्र में स्थापित होने से रोकने के लिए यह पैसा दिया। अभी सामने नहीं आया कि हर कंपनी को गूगल ने कितना पैसा चुकाया। हालांकि, अनुमान है कि सबसे ज्यादा पैसा आईफोन व अन्य उपकरण बनाने वाली कंपनी एप्पल को मिला। पूर्व में अनुमान था कि अकेले एप्पल को 1,900 करोड़ मिले।

# दिया कुमारी 1 नवंबर को भरेंगी विद्याधर नगर विधानसभा से नामांकन

जयपुर 30 अक्टूबर,जयपुर,विद्याधर नगर विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी दिनांक 1 नवंबर को नामांकन भरेंगी। उनकी नामांकन रैली की शुरुआत विद्याधर स्थित प्रधान कार्यालय से सुबह साढ़े आठ बजे होगी। दिया कुमारी का काफ़िला प्रधान कार्यालय से चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगा।

### सभी अधूरे कामों को जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा -दिया कुमारी

सोमवार को जनसम्पर्क की शुरुआत वार्ड-20 भवानी नगर के श्री राधा कृष्ण लक्ष्मी नारायण मंदिर में दर्शन कर भगवान के आशीर्वाद से की और जनता से सहयोग और समर्थन मांगा। इस दौरान आमजन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ना तो विद्याधर नगर और ना ही राजस्थान में कोई विकास के कार्य किये और न ही होने दिए।

उन्होंने कहा कि विद्याधर नगर के लिए दिया कुमारी हमेशा उपस्थित है और रहेगी। मुझे जहां जहां जनता ने चुना है वहां मैंने सुनिश्चित किया है कि हर छोटे से लेकर बड़े कार्य को मैं जल्द से जल्द संपन्न करवाऊं और विद्याधर नगर से भी जीतने के बाद भी मेरा यही प्रयास होगा। इसके उपरांत उन्होंने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के नांगल मण्डल के वार्ड-19 प्रताप डेयरी से प्रारंभ होकर शक्ति नगर, हीराबाड़ी-बी, मुख्य बाजार एवं संजय नगर में घर-घर जाकर संपर्क किया और जनता का समर्थन मांगा। इसके बाद, दिया कुमारी ने वार्ड 21 में के.पी.एस विद्यालय और जी.जी.ई.एस विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया और मार्गदर्शन दिया। दिया कुमारी ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और युवा शक्ति में जोश का संचार किया।



# खुल गया सेलो का आईपीओ, पहले ही दिन जाएगा 750 रुपये के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंज्यूमर प्रॉडक्ट कंपनी सेलो वर्ल्ड का आईपीओ खुल गया है। कंपनी का आईपीओ 1 नवंबर 2023 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। सेलो वर्ल्ड के आईपीओ का प्राइस बैंड 617-648 रुपये है। ग्रे मार्केट सेलो वर्ल्ड के आईपीओ पर बुलिश है। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में अभी करीब 20 पर्सेंट प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। सेलो वर्ल्ड के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।




**पहले दिन 750 रुपये के पार जाएंगे कंपनी के शेयर-** सेलो वर्ल्ड के आईपीओ का प्राइस बैंड 617-648 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 120 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर कंपनी के शेयर 648 रुपये के अपर प्राइस बैंड पर अलॉट होते हैं तो सेलो वर्ल्ड के शेयर 768 रुपये की रेंज में लिस्ट हो सकते हैं। यानी, कंपनी के आईपीओ में पैसे लगाने वाले इनवेस्टर्स को पहले ही दिन करीब 20 पर्सेंट का फायदा हो सकता है। सेलो वर्ल्ड अपने आईपीओ में एंप्लॉयीज को हर शेयर पर 61 रुपये का डिस्काउंट दे रही है।

**9 नवंबर को लिस्ट हो सकते हैं शेयर-** आईपीओ में सेलो वर्ल्ड के शेयरों का अलॉटमेंट 6 नवंबर को फाइनल हो सकता है। वहीं, कंपनी के शेयर 9 नवंबर को एक्सचेंज में लिस्ट हो सकते हैं। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट और अधिकतम 13 लॉट के लिए दांव लगा सकते हैं। आईपीओ की 1 लॉट में 23 शेयर हैं। वहीं, 13 लॉट में 299 शेयर हैं। यानी, इनवेस्टर्स को कम से कम 14904 रुपये लगाने होंगे। कंपनी में फिलहाल इनवेस्टर्स की हिस्सेदारी 100 पर्सेंट है, जो कि आईपीओ के बाद 91.8 पर्सेंट रह जाएगी। कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 5 रुपये है।

# नीता अंबानी को मिला ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर एवं चेयरपर्सन नीता अंबानी को ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा दिल्ली में आयोजित एक समारोह में फोरम के अध्यक्ष जॉन चैंबर्स ने नीता अंबानी को अवार्ड दिया। कार्यक्रम में भारत सरकार के शीर्ष अधिकारी और बिजनेस लीडर्स शामिल थे। नीता अंबानी ने कहा, मैं पुरस्कार पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं रिलायंस फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व करती हूं, जिसके जरिए हमने 7 करोड़ 10 लाख से अधिक लोगों के जीवन को छुआ है। 'कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी' के मानक बनने से बहुत पहले, रिलायंस 'कॉर्पोरेट मोरल रिस्पॉन्सिबिलिटी' को पूरा करती आ रही है।

यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम ने वक्तव्य जारी कर बताया कि नीता अंबानी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाली एक बिजनेस लीडर हैं, जिनके नेतृत्व में रिलायंस फाउंडेशन ने शिक्षा, कला, खेल और स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से लाखों भारतीयों के जीवन को प्रभावित किया है। उनका काम विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और बच्चों के हितों के लिए होता है। लिंग विभाजन को पाटने और भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में महिलाओं के योगदान को बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

कला और संस्कृति में नीता अंबानी के महत्वपूर्ण योगदान को हाल ही में मान्यता मिली जब वह मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट, न्यूयॉर्क के बोर्ड में मानद ट्रस्टी के रूप में चुनी गईं। पिछले वर्ष, नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) मुंबई में खोला गया, जिसे काफी सराहना मिली। रिलायंस फाउंडेशन ने खलों के लिए भी बेहतरीन काम किया है। भारत में युवा एथलीटों को जमीनी स्तर पर और साथ ही वैश्विक स्तर पर चमकाने में फाउंडेशन ने सहायता की है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) में भारत के प्रतिनिधि के रूप में नीता अंबानी ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया, जिसने चार दशकों के बाद भारत में 141वें आईओसी सत्र की मेजबानी का अधिकार मिला। यह आयोजन अक्टूबर 2023 में मुंबई में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इससे 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी का अधिकार हासिल करने की भारतीय उम्मीदों को बल मिला है। नीता अंबानी को अवार्ड पर यूएसआईएसपीएफ के चेयरमैन जॉन चैंबर्स ने कहा, जो लोग जीवन में सफल हुए हैं उनके लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि वे दूसरों को सफल होने मदद करें। ऐसी ही एक शख्सियत हैं नीता एम. अंबानी, जो परोपकारिता का उदाहरण हैं और उन्होंने रिलायंस फाउंडेशन में कला, खेल, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय काम किया है।



# आई वी एफ चेन बिरला फर्टिलिटी एंड आईवी एफ ने भोपाल में अपना सेंटर खोलने की घोषणा की

**मुंबई , एजेंसी।** सी. के. बिरला ग्रुप आने वाले दिनों में भोपाल में अपना फर्टिलिटी सेंटर, बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. शुरू करने वाला है। यह सेंटर उत्तर, पूर्व और मध्य भारत में इसके 21 सेंटर्स में शामिल हो जाएगा, जो दिल्ली, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नोएडा, जयपुर, चंडीगढ़, लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), रायपुर (छत्तीसगढ़), पटना, कोलकाता, भुवनेश्वर और कटक (ओडिशा) और गुवाहाटी में हैं। इस साल यह ब्रांड अपने सेंटर इंदौर, अहमदाबाद और सूरत (गुजरात), आगरा, कानपुर और राँची में भी खोलने की योजना बना रहा है।

बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. फर्टिलिटी की समस्या से जूझ रहे दंपत्तियों को किफ़ायती पैकेज में विश्वसनीय उपचार और संवेदनशील व भरोसेमंद केयर प्रदान करता है। इसने बहुत कम समय में ही 85 प्रतिशत से अधिक दंपत्तियों को गर्भधारण करने में समर्थ बनाया है, जो इस उद्योग में अग्रणी परिणाम हैं। नए सेंटर के लॉन्च के अवसर पर बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. की फाउन्डर, अवंति बिरला ने कहा, बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. 5 दशकों से ज़्यादा समय से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की सी. के. बिरला ग्रुप की प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है। बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. में हम दंपतियों के साथ मिलकर उन्हें अपने लिए सही विकल्प चुनने में समर्थ बनाते हैं। फर्टिलिटी का इलाज आई. वी. एफ तक सीमित नहीं, बल्कि यह अच्छे प्रजनन स्वास्थ्य और इलाज के साथ संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। हमारा उद्देश्य है, ''श्रेष्ठ सेवा, सर्वश्रेष्ठ परिणाम यानि क्लिनिकल उत्कृष्टता और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल। हमारा मानना है कि फर्टिलिटी केयर की सेवाएं देने वाले सर्वश्रेष्ठ विज्ञान की मदद और संवेदनशील सहयोग द्वारा मरीज़ों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# ड्राइवर कल्याण और उत्कृष्टता के प्रति टाटा मोटर्स की बेजोड़ प्रतिबद्धता



मुंबई, एजेंसी। एक ट्रक ड्राइवर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न केवल व्यवस्थित और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में, बल्कि सड़क सुरक्षा और वाहन के आर्थिक परिचालन का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने में भी उसकी भूमिका होती है। टाटा मोटर्स ने देश भर में ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स स्थापित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ सहयोग किया है। ये इंस्टिट्यूट सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण, दोनों प्रदान करते हैं। इससे सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति को भी प्रोत्साहन मिला है।

श्री राजेश कौल, टाटा मोटर्स के बिजनेस हेड ङ्क ट्रक्स ने कहा टाटा मोटर्स अपने सर्वोच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए मशहूर है। यह ट्रक ड्राइवर्स के कल्याण के प्रति भी वचनबद्ध रही है। टाटा मोटर्स इन ड्राइवर्स की कठिनाइयों को गहराई से समझती है और अपने सभी कार्यों में ड्राइवर्स की ज़रूरतों को प्राथमिकता देने का हमेशा प्रयास कर रही है। अपनी टाटा समर्थ पहल के माध्यम से टाटा मोटर्स एक समग्र कल्याण दृष्टिकोण की परिकल्पना के साथ ट्रक ड्राइवर्स की सेहत को लेकर वचनबद्धता का प्रदर्शन करती है। टाटा मोटर्स स्वास्थ्य समर्थ के माध्यम से ड्राइवर्स के लिए सामान्य जाँच से लेकर विशिष्ट परामर्श तक आवश्यक मेडिकल सर्विसेज की सुलभता सुनिश्चित करती है और इसमें हॉस्पिटलाइजेशन कवरेज भी शामिल है। संपत्ति समर्थ के तहत टाटा मोटर्स ड्राइवर्स को विशिष्ट वित्तीय परामर्श और निवेश के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है, ताकि वे अपनी कमाई को बुद्धिमानी से निवेश कर सकें। शिक्षा समर्थ में आजीविका संबंधी सम्पूर्ण परामर्श के साथ ऑनलाइन पढ़ाई को शामिल किया गया है, जिसके द्वारा ट्रक ड्राइवर्स के बच्चों को भविष्य की पढ़ाई के लिए तैयार किया जाता है। अंत में, सुरक्षित समर्थ दुर्घटना और अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है, जिसमें 10 लाख रुपये तक कवरेज उपलब्ध है। इससे ड्राइवर और उनके परिवारों के लिए अप्रत्याशित विपत्ति के विरुद्ध सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

श्री राजेश कौल, टाटा मोटर्स के बिजनेस हेड ङ्क ट्रक्स ने कहा टाटा मोटर्स के लिए सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद लक्षण है, जिसमें न केवल ड्राइवर की तंदुरुस्ती बल्कि व्हीकल और इसके कार्गो की सुरक्षा भी शामिल है। टाटा मोटर्स सुरक्षा को दो नजरिये से देखती है – सक्रिय सुरक्षा और निष्क्रिय सुरक्षा। सक्रिय सुरक्षा यानी ऐक्टिव सेफ्टी ड्राइवर-असिस्ट फीचर्स पर आधारित है, जबकि निष्क्रिय सुरक्षा यानी पैसिव सेफ्टी आधुनिक ट्रकों में शामिल की गई अत्याधुनिक टेक्नोलॉजीज पर आधारित है। ड्राइवर की सुविधा के लिए टाटा मोटर्स के ट्रक इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), कैमरा के साथ रियर पार्किंग असिस्ट, हिल स्टार्ट एड (एचएसए), इलेक्ट्रॉनिक एंटी-फ्युल थेफ्ट सिस्टम, ऐंटी-टॉपल सेंसर, इंजन ब्रेक असिस्ट, और एक एंबियंट एयर टेम्परेचर सेंसर द्वारा समर्थित एयर-कंडीशनिंग सहित विश्व-स्तरीय ड्राइवर सेफ्टी फीचर्स से लैस हैं। इस प्रकार की खूबियाँ लम्बी दूरी को सुरक्षा के साथ पूरा करने की ड्राइवर की क्षमता बढ़ाती हैं।

# इंडिया मोबाइल कांग्रेस भारी सफलता के साथ संपन्न एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलाजी फोरम में 1.5 लाख से अधिक लोग शामिल हुए

### इस फोरम में टेक्नोलॉजी एवं दूरसंचार, सरकार और स्टार्टअप क्षेत्र में 620 से अधिक यूज़ केसेस पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2023 के 7वें संस्करण में 67 देशों से रिकॉर्ड 1.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ यह आयोजन भारी सफलता के साथ संपन्न हुआ। आईएमए 2023 का आयोजन दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। ग्लोबल डिजिटल इन्नोवेशन की थीम के तहत 27 से 29 अक्टूबर तक चले इस तीन दिवसीय एक्जिबिशन एवं फोरम का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रीय संचार मंत्री अश्वनी वैष्णव और राज्य मंत्री श्री देवुसिन्ह चौहान की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन समारोह में रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन श्री आकाश एम अंबानी, भारती एंटरप्राइसेस के चेयरमैन श्री सुनील भारती मित्तल और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन श्री कुमार मंगलम बिड़ला भी शामिल थे।

प्रधानमंत्री ने इस देश में 5जी एप्लीकेशंस विकसित करने और एक 6जी रेडी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए 100 5जी लैब पहल की भी घोषणा की। इस फोरम में टेक्नोलॉजी, दूरसंचार, सरकार और सार्वजनिक उपक्रम एवं स्टार्टअप्स क्षेत्र से 620 से अधिक यूज़ केसेस पेश किए गए। इस वर्ष के आईएमसी में एक उल्लेखनीय वृद्धि एस्पायर रही जोकि एक अग्रणी स्टार्टअप पहल है जहां देशभर से करीब 400 स्टार्टअप्स ने अपनी चीजें प्रदर्शित कीं।




अग्रणी भारतीय कंपनियां जैसे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया, बीएसएनएल, टीसीएस, एलएंडटी, एच एफ सी एल, टैनला, वीवीडीएन, तेजस, ऑप्टिमस और अन्य के साथ ही बड़े अंतरराष्ट्रीय ब्रांड जैसे एरिक्सन, इंटेल, नोकिया, सिस्को, एक्सेंचर, एएमडी, क्वालकॉम, जीसेक एंड डेवरिएंट, मीडियाटेक, रेड हैट, बॉश, वीएमवेयर, सिएना एवं अन्य ब्रांड आईएमसी 2023 में मौजूद रहीं। कई सरकारी विभाग जैसे रेल मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इसरो, पावरग्रिड और उद्योग संघ जैसे एलसिना, टीएसएससी, कई अकादमिक संस्थान जैसे आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी, बिट्स पिलानी, श्री बालाजी युनिवर्सिटी, पुणे भी इस प्रदर्शनी में मौजूद रहे। इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2023 की सफलता पर इंडिया मोबाइल कांग्रेस के सीईओ श्री रामकृष्ण पीने कहा, पिछले कुछ वर्षों में आईएमसी का दायरा काफी वृहद होते देखना एक जबरदस्त अनुभव रहा है। जैसा कि हमने आईएमसी को दूरसंचार से परे जाकर एक प्रमुख टेक्नोलाजी प्लेटफार्म के तौर पर स्थापित किया है, आईएमसी के इस वर्ष के संस्करण में भावी प्रौद्योगिकियों की झलक दिखाई दी और तीन दिनों तक इन पर गहन चर्चा हुई। हम यह देखकर वास्तव में बहुत प्रसन्न हैं कि आईएमसी 2023 में 1.5 लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति के साथ अब तक की सर्वाधिक भागीदारी रही। हम हमारे साझीदारों, प्रदर्शकों, दुनियाभर से इस फोरम में शामिल हुए प्रतिनिधियों को धन्यवाद देना चाहेंगे और दूरसंचार विभाग का उनके सतत मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार प्रकट करना चाहेंगे। आईएमसी 2023 के दौरान, 400 से अधिक वक्ताओं ने 7 कान्फ्रेंस हॉल में चले 80 से अधिक सत्रों में भागीदारी कर अपने विचार रखे जहां इंडस्ट्री 4.0, 5जी एप्लीकेशंस, एंटरप्राइस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, टिकाऊ विकास, मौद्रीकरण कनेक्टिविटी, वैश्विक सेमीकंडक्टर परिदृश्य में भारत की भूमिका, 6जी मानकीकरण, भारत की दूरसंचार जरूरतों की पूर्ति, 5जी से परे नेटवर्क उद्भव, 6जी, रैन और डिवाइस के लिए मानकीकरण, एप्लीकेशंस एवं डिजिटलीकरण, एआई का उद्भव और नेटवर्क का भविष्य आदि विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई।

# जी20 नई दिल्ली घोषणा को देशभर में लोगों तक पहुंचाने के लिए एक अनोखी ट्रेन यात्रा को दिखाई हरी झंडी

मुंबई, एजेंसी। जी20 नई दिल्ली घोषणा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी और समावेशी विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप, पूरे भारत में एक अनूठी उद्यमिता ट्रेन यात्रा - जागृति जी20 स्टार्टअप20 2023 - शुरू की गई है। इस ट्रेन यात्रा को मुंबई से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा को देश के सबसे बड़े वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक का समर्थन प्राप्त है, जो उद्यमिता प्रोत्साहन के माध्यम से देश में व्यापक स्तर पर बदलाव लाने में विश्वास रखता है।

एसबीआई के अध्यक्ष श्री दिनेश खारा ने इस अवसर पर कहा, ''हमें जागृति जी20 स्टार्टअप20 यात्रा के साथ सहयोग करने में गर्व और खुशी का अनुभव हो रहा है। यह पहल देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने और महिलाओं के नेतृत्व वाली विकासात्मक पहलों में भाग लेने की एसबीआई की प्रतिबद्धता के साथ गहराई से मेल खाती है। साथ ही, यह पहल एक विविध और समावेशी उद्यमशीलता से संबंधित सिस्टम विकसित करने और आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने पर हमारे फोकस को भी प्रतिबिंबित करती है।''

जागृति जी20 स्टार्टअप20 यात्रा 2023 का मिशन ब्राजील को कमान सौंपने से पहले पूरे देश में दिल्ली घोषणा को ले जाना है। ब्राजीन नवंबर के अंत में जी20 की अध्यक्षता संभालेगा। यात्रा के मुख्य विषय डिजिटल परिवर्तन, संस्कृति, एक सक्षम ईको सिस्टम और सीमा पार सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए समावेशी उद्यमिता और महिला नेतृत्व वाले विकास हैं।

दिल्ली घोषणा के इन प्रमुख सिद्धांतों को जागृति जी20 स्टार्टअप जी20 यात्रा के हिस्से के रूप में सात मेगा आयोजनों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाएगा। इन मेगा-इवेंट्स की योजना मुंबई, बेंगलुरु, वाराणसी, देवरिया, दिल्ली (दो इवेंट्स) और गांधीनगर में बनाई गई है। अनेक वरिष्ठ नेता इन कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाएंगे।

यह अनोखी ट्रेन पूरे भारत में 8000 किमी की यात्रा करेगी और 10 नवंबर को मुंबई में समाप्त होगी। जी20 देशों के 70 प्रतिनिधियों सहित 450 प्रतिभागी उद्यमिता ट्रेन यात्रा का हिस्सा होंगे। यात्रा के माध्यम से, प्रतिभागियों को भारतीय और अंतरराष्ट्रीय उद्यम और इनोवेटिव ईको सिस्टम के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही, समावेशी कार्य प्रणाली और ग्लोबल नेटवर्किंग को लेकर एक नया विजन भी हासिल होगा।

यात्रा के बाद बैटन को भारत की गंगा और अन्य नदियों से जल लेकर ब्राजील भेजा जाएगा। ब्राजील भी जागृति यात्रा की तर्ज पर देश में स्टार्टअप 20 प्रयासों के हिस्से के रूप में अमेज़ॅन यात्रा की योजना बना रहा है।

# फिर बनेगी भाजपा की सरकारः नरोत्तम मिश्रा

## भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की नामांकन रैली में उमड़ा जनसैलाब




छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की नामांकन रैली में मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा छिंदवाड़ा पहुंचे। उन्होंने रैली के बाद मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में आयोजित जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को अब विधायक बना दिया गया तो छिंदवाड़ा में रोहिंग्याओ की बस्ती बस जाएगी। जबकि पूरे प्रदेश की नजर भाजपा के प्रत्याशी विवेक बंटी साहू जी,बंटी भैया पर है। छिंदवाड़ा की जनता के लिए भी मेरे दरवाजे भी 24 घण्टे खुले रहेंगे। कमल का बटन छिंदवाड़ा में दबेगा और दहशत पाकिस्तान में सुनाई देगी।श्री मिश्रा ने कहा कि ये बंटी नही मोदी का प्रतिनिधि है। जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने कहा कि पिछले 5 साल में बड़े वादे करके मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा के साथ धोखा किया। पिछले 43 वर्षों में भी छिंदवाड़ा के साथ धोखा। हमारा भविष्य संवारना है तो कमल को वोट दे। छिंदवाड़ा जनता ने 43 वर्षों में कमलनाथ को 9 बार सांसद, विधायक ,मुख्य मंत्री बनाया ,उनकी पत्नी अलका नाथ को सासंद बनाया, नकुलनाथ को सासंद बना दिया। लेकिन उन्होने छिंदवाड़ा वालो को उतना भी नही दिया जितना जनता ने उनको दिया। जनता जब बेरोजगारी की समस्या बताती है तो कमलनाथ हिंदुस्तान यूनिलीवर की बात बताते है। कमलनाथ को शर्म आना चाहिए। छिंदवाड़ा के पप्पू यानी नकुलनाथ को पता भी नही कि कितनी आबादी है। नकुलनाथ लिखा पढा भी ठीक से पढ़ नही पा रहे है। उनका कहना है कि प्रदेश में 25 लाख किसानों का कर्ज माफ हुआ और छिंदवाड़ा में 75 लाख बताते है। ये राहुल गांधी से एक नही 4 कदम आगे है। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है, ये तय हो गया है। अमित शाह जी ने बताया कि छिंदवाड़ा में भी भाजपा आ रही है। मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा सक्रिय जुझारू छिंदवाड़ा के कार्यकर्ता है। विपरीत परिस्थितियों में भी कार्यकर्ता बूथ पर डटे रहते है। 4 हजार बेरोजगारी भत्ता के नाम पर किसानों को कर्जा माफी के नाम पर धोखा दिए। प्रदेश की जनता को लूटने का काम किया। 5 वर्ष में कमलनाथ छिंदवाड़ा में 1 वार्ड में नही पहुँचे। एक गाँव में नही गए। दूरबीन से ढूंढने पर भी नहीं मिले। अब जमीन खिसकती देख रोड शो कर रहे है। लाडली बहनों की बात होती है तो ये नारी शक्ति की बात करते है। कांग्रेस ने एक बहन को भी टिकट नहीं दिया। ये राम को काल्पनिक बताते थे। जनसभा से पहले विशाल नामांकन रैली श्रीराम मंदिर श्याम टाकीज से प्रारंभ हुई। जो चार फाटक, छोटा तालाब, पुराना पावर हाउस, बड़ी माता के सामने से छोटी बाजार, मेन रोड, गोल गंज, इतवारी, फव्वारा चौक, इंदिरा तिराहा से होते हुए मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सामने पहुंची । जहां विशाल आमसभा संपन्न हुई। सभा मे सभी वरिष्ठ भाजपा नेता, शक्ति केंद्र टोली, बूथ समिति, पेज प्रभारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित समस्त कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।।



## 18 लीटर महुआ की कच्ची शराब जप्त

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत ग्राम रिछेड़ा निवासी हीरालाल नर्रे अपने कब्जे में प्लास्टिक की जरी क्रेन में हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब बेचने की फ्रॉक में घूम रहा था तभी मुखबिर की खबर पर उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह बघेल मैं जाकर घेरा बंदी कर रेड करवाई किया तब रिछेड़ा तिराहा के पास आरोपी हीरालाल के पास से 18 लीटर हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1) में मामला आबकारी एक्ट में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ग्राम बिछुआ के रहने वाले सनी राम के पास से सहायक उप निरीक्षक सुभाष तिवारी ने 7 लीटर कच्ची महुआ की देसी अवैध शराब जप्त कर प्रकरण बनाया।

## कमलेश प्रताप शाह कांग्रेस प्रत्याशी ने भरा नामांकन फॉर्म



**अमरवाड़ा।** विधानसभा चुनाव के निर्वाचन मैं नामांकन की अंतिम तिथि के दिन अमरवाड़ा के कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश प्रताप शाह ने हजारों की तादाद में लोगों के साथ रैली निकालकर अपना नामांकन दर्ज किया प्राप्त जानकारी के अनुसार 2013 से निरंतर विधायक रहे कमलेश प्रताप शाह को 2023 में फिर कांग्रेस ने टिकट दिया है उनकी रैली अमरवाड़ा के स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ हुई इसके पहले राजा कमलेश प्रताप शाह ने अमरवाड़ा में नगर के मातेश्वरी मंदिर में मां जगत जननी जगदंबे के समक्ष पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया इसके बाद अमरवाड़ा के स्टेडियम ग्राउंड से हजारों की तादाद में लोगों ने उपस्थित होकर नगर के मुख्य मार्ग से ऐतिहासिक रैली निकाली और जगह-जगह स्वागत किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह कार्यकर्ता की जीत है कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि है पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और छिंदवाड़ा जिले के सांसद नकुलनाथ में मुझ पर विश्वास जताते हुए टिकट दिया है इस मौके पर अमरवाड़ा विधानसभा कांग्रेस के सभी अनुसांगिक संगठन और ग्रामीण अंचल से आए हुए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकलांग युवती लापता



**परासिया।** वार्ड न. 17 पेंच व्हेली स्कूल के पीछे रहती हूं परासिया निवासी महिला ने बताया कि मेरी पुत्री बरखा बोनिया जिसकी उम्र 36 वर्ष है जो शारीरिक रूप से विकलांग एवं मानसिक रूप से भी कमजोर है मेरी बेटी का दिमागी संतुलन ठीक नहीं मेरी पुत्री बरखा बोनिया दिनाँक 22.10.2023 को शाम के वक़्त करीबन 05-30 बजे घर से बिना कुछ कहे निकल गई सात से आठ दिन बीत चुके है जो आज दिनाँक तक वापसी नही आई जिसकी रिपोर्ट उन्होंने पुलिस थाना परासिया में दिनाँक 23.10.2023 को दर्ज करायी गई थी जिसमें गुमशुदगी बरखा बोनिया की तलाश कर रही पुलिस है।

## सिवनी और नागपुर रोड पर एसएसटी चेकिंग पोस्ट का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 125-सौंसर व 126-छिंदवाड़ा के लिये नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री डी.के. श्रीवास्तव का छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में आगमन हो चुका है । निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री श्रीवास्तव द्वारा आज सिवनी रोड और नागपुर रोड पर एसएसटी चेकिंग पोस्ट का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सर्वश्री कमलेश निरगुलकर, विवेक चौहान व पलाश जायसवाल उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने सेल्फ़ी लेकर मतदान का लिया संकल्प

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय चौरई में कॉलेज के विद्यार्थियों ने सेल्फ़ी लेकर मतदान का संकल्प लिया और इपिक डाउनलोड करने की प्रक्रिया को समझा।




**छिंदवाड़ा। जिला स्वीप आइकॉन अंतराष्ट्रीय फुटबाल प्लेयर सुश्री नेटी ने स्वीप अभियान के अंतर्गत अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं, मजदूरों और आम जन को मतदान के प्रति किया प्रेरित।**

# पांढुर्णा, सौसर, परासिया, अमरवाड़ा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशीयों ने भरा नामांकन

## भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं आमजन में दिखा भारी उत्साह

### पांढुरना में कार्यकर्ताओं में भरा जोश



पांढुर्णा विधानसभा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी प्रकाश उइके की विशाल नामांकन रैली में जन सैलाब उमड़ पड़ा है। जिधर देखो उधर भगवा ही भगवा नजर आया। आज भारतीय जनता पार्टी की एकता और जज प्रकाश उइके की लोकप्रियता देख, विपक्षी खेमे में जमकर हलचल मच ही गई। आज भाजपा ने आज अपनी ताकत दिखा कर अपनी आधी से अधिक जीत सुनिश्चित कर ली है। रैली से पूर्व रामलीला मैदान पर हुई जनसभा में जज प्रकाश उइके ने खुले मंच से कमलनाथ और नकुलनाथ दोनों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि वो पांढुरना को वापस छिंदवाड़ा में मर्ज करके दिखाये। मानो अब मजिस्ट्रेट अपने असली जज वाले मोड में चुनावी रण में उतर गए है। इधर भाजपा का हर एक कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी का ये चैलेंज देने वाला स्वरूप देख जोश से लबालब था, बार-बार कार्यकर्ता जय श्री राम तथा प्रकाश भाऊ आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है के नारे लगा रहे थे।

### परासिया में ज्योति डेहरिया ने भरा पर्चा

परासिया विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी ज्योति डेहरिया का नामांकन भरवाने और केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा शामिल हुए । जिसमे अनुज पाटकर, अरूण कपूर व युवा नेता बल्लू नागी समेत रूपेंद्र डेहरिया के भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित हुए और भाजपा प्रत्याशी ज्योति डेहरिया ने अपने आप को परासिया की बेटी व बहु व भाभी बताया और आशीर्वाद मांगा और सबका साथ सबका विकास की बात कही।



### अमरवाड़ा में मोनिका ने दाखिल किया नामांकन

अमरवाड़ा में मातेश्वरी मंदिर जगदेव से नामांकन रैली प्रारंभ हुई ।जो चौरई रोड होते हुए मैं बस स्टैंड अमरवाड़ा शहीद चौक गंज बाजार होते हुए एसडीएम ऑफिस के बाद नगर पालिका बारात घर में आम सभा को संबोधित किया गया। जिसमें जिले के महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, विधानसभा चुनाव प्रभारी नितिन तिवारी, गोंडवाना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सातो अमरवाड़ा विधानसभा के मंडल अध्यक्ष, सीताराम डेहरिया, विनय भारती, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सभी कार्यकर्ता और भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।अमरवाड़ा की भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मोनिका वट्टी ने कहा कि कि भारतीय जनता पार्टी और गोंडवाना पार्टी ने मिलकर संयुक्त चुनाव लड़ने का फैसला किया है मेरी प्राथमिकता आदिवासी क्षेत्र का विकास और अमरवाड़ा क्षेत्र का विकास करना है जिसमें सड़क स्वास्थ्य चिकित्सा बिजली पानी और भी विधानसभा की मूलभूत सुविधाओं को लेकर रहेगी।



### सौसर भाजपा प्रत्याशी नानाभाऊ मोहोड़ ने में भरा नामांकन

विधानसभा सौसर में प्रत्याशी नानाभाऊ मोहोड ने हजारों लोगो की उपस्थिति मे नामांकन भरा। यहां बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से जो वादे किये वह पूरे किये। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मे भगवान श्री राम मंदिर का लोकार्पण होगा।भाजपा ने ट्रिपल तलाक को लागू कर मुस्लिम बहनों को उनके अधिकार दिये। भाजपा प्रत्याशी श्री नानाभाऊ मोहोड ने भी नामांकन रैली में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

# निर्वाचन ड्यूटी से बिना सूचना अनुपस्थितों पर कार्यवाही के निर्देश

### समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर मनोज पुष्प ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, पेयजल आदि से जुड़े विषयों पर चर्चा की एवं आगामी समय में की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्प ने आगामी 4 नवंबर को छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1934 मतदान केंद्रों, ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालयों और जिला स्तर पर एक साथ आयोजित होने वाले स्वीप के मेगा इवेंट की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए और निर्वाचन की अन्य तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी से बिना सूचना अनुपस्थितों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्प ने निर्देश दिए कि स्वीप का यह मेगा इवेंट 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 17 नवंबर मतदान दिवस तक लगातार चलेगा। इस दौरान मतदाताओं को ई- इपिक डाउनलोड करने के साथ ही वैकल्पिक दस्तावेजों के संबंध में भी जागरूक करें। लोगों को अभी से अपने दस्तावेज निकाल कर रखने के लिए प्रेरित करें जिससे मतदान दिवस पर दस्तावेज ढूंढने में कोई असुविधा नहीं हो। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इपिक कार्ड के अलावा किन वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी गई है, इसके बारे में जागरूकता फैलाने के लिए लोगों को अपने दस्तावेज के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रेरित करें। जो नए वोटर हैं और उनके इपिक कार्ड नहीं आए हों, तो उन्हें ई-इपिक डाउनलोड करने की प्रक्रिया समझाएं जिससे सभी के पास इपिक कार्ड सुनिश्चित हो। स्वीप एक्टिविटी के दौरान मतदाताओं को अभी से मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, कौन सा मतदान केंद्र है, भाग संख्या क्या है आदि खोजने के लिए प्रेरित करें और प्रक्रिया भी समझाएं। युवाओं को ना केवल स्वयं का मतदान केंद्र और मतदाता सूची में नाम खोजने के लिए प्रेरित करें, बल्कि अपने परिजनों का नाम और मतदान केंद्र खोजने के लिए भी प्रेरित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्प ने बताया कि मतदान केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि इन सभी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। मतदान की तिथि 17 नवंबर है, इस बारे में भी जागरूक करें। स्वीप गतिविधियों में वोटर अवेयरनेस और वोटर एजुकेशन को भी अनिवार्य रूप से शामिल करें।



# कृषि उपज मंडी में मचा भ्रष्टाचार मंडी सचिव की कार्यप्रणाली संदेहस्पद



छिंदवाड़ा। कुसमेली अनाज मंडी सहित गुरैया सब्जी मंडी में इन दिनों जमकर भ्रष्टाचार मचा हुआ है। जिसको रोकने वाला कोई नहीं है। मंडी प्रबंधन खुद इन भ्रष्टाचारों में सलिम बताया जा रहा है। जिसके चलते सब्जी मंडी के निर्माण कार्यों में हुई भ्रष्टाचारी में मंडी प्रबंधन स्वयं पर्दा डालने में लगा हुआ है। इतना ही नहीं मंडी प्रबंधन तो इस विषय में चर्चा ही। नहीं करना चाहता है। बार बार पूछे जाने पर मजबूरी में प्रबंधन बात करने को तैयार होता भी है तो टाला मटोली भरा जवाब देकर अपना पात्र झाड़ लेता है। दरअसल गुरैया सब्जी मंडी अव्यवस्था की भेंट चढ़ी हुई है। विकास कार्य के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति मिली, लेकिन अधिकांश कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं। पिछले कुछ वर्षों से चल रहे कार्य अभी तक अधूरे हैं। निर्माण कार्य का ठेका तो दिया गया लेकिन ठेकेदार दो वर्ष में भी कार्य पूर्ण नहीं कर पाया है। गुरैया मंडी के पीछे के रास्ते पर जांच चौकी का निर्माण किया गया, लेकिन वर्तमान में यह कार्य अधूरा है। कार्य को देखकर यह साफ कहा के जा सकता है कि निर्माण कार्य में को जमकर लापरवाही बरती गई है। मडी बोर्ड ने गुरैया सब्जी मंडी में सीसी रोड के साथ ही जांच चौकी, गेट तथा अन्य निर्माण कार्य को स्वीकृति दी थी। कार्य की गुणवत्ता काफी खराब थी तथा लेटलतीफी के कारण मंडी प्रबंधन ने ठेकेदार ठेका निरस्त किया था। ठेकेदार द्वारा इसकी अपील मंडी बोर्ड भोपाल में की थी जिसके बाद ठेकेदार को फिर से निर्माण कार्य पूर्ण करने के आदेश हुए थे सवाल यह खड़ा होता है कि निर्माण कार्य लापरवाही के बाद भी ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मंडी बोर्ड का कोई भी अधिकारी जांच करने नहीं पहुंचा था। हाल में मक्का की आवक बहुत अधिक हो रही है लेकिन किसानों मंडी प्रबंधन सही सुविधा नहीं दे पा रहा है, किसानों का माल यहा वहां पड़ा रहता है। कई बार किसानों का अनाज चोरी होने की शिकायत भी मिल रही है। मंडी प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिला प्रशासन से मांग है कि किसानों उचिव व्यवस्था और उनके अनाज सुरक्षित करने की मांग की हैं।

### कैंटीन व बैंक इमारत का नहीं कोई अता-पता

गुरैया सब्जी मंडी में इन दिनों चारों और अव्यवस्थाओं का आलम नजर आ रहा है। प्रबंधन द्वारा निर्माण कार्य के लिए जिन स्थानों को चिन्हित किया था। वहां निर्माण कार्य तो हो नहीं पाए लेकिन इन स्थानों में अतिक्रमण अवश्य कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से स्वीकृत केटीन व बैङ्क इमारत मंडी प्रबंधन नहीं बनवा पाया है। जिस स्थान को चिन्हित किया गया था बैंक व केटीन इमारत के लिए वहा पर अतिक्रमण पसरा हुआ है। अतिक्रमण नहीं हटने के कारण अब तक यह इमारत नहीं बन पाई है। जिसके कारण मंडी पहुंचने वाले किसान परेशान होते है।

# लालबाग के बादशाह के दरबार में आयोजित देवी जागरण में उमड़ा जनसैलाब




छिंदवाड़ा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर स्टार नवयुवक मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें ज़ी टीवी सा रे गा मा पा एवं इंडियन आइडल फेम मशहूर गायिका वैशाली रैकवार ने सुंदर भजनों व देवी भक्ति गीतों की विशेष प्रस्तुति दी। जिसको सुनने अपार संख्या में जिले के धर्मप्रेमी भक्तजन लालबाग स्थित लालबाग के बादशाह के प्रांगण में पहुंचे। मंडल के द्वारा महिलाओं के बैठने के लिए विशेष व्यस्था की गई थी। और देवी माँ के जगराते के साथ साथ जो आकर्षक झांकी मंडल द्वारा प्रस्तुत की गई उसमे हनुमानजी एवं काली मां की सजीव झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। जानकारी देते हुए मंडल के सदस्यों द्वारा बताया गया है जनता का अपार सहयोग होने के कारण अब हर साल शरद पूर्णिमा के अवसर पर बादशाह के दरबार मे विशाल जगराते का आयोजन किया जायेगा।

# महापौर ने जनता को कराया कमलनाथ की उपलब्धि से अवगत



छिंदवाड़ा। गायत्री वार्ड के फारेस्ट कालोनी शीतल कालोनी व पी डबल्यू डी कालोनी में शहर के प्रथम नागरिक महापौर विक्रम सिंह आहाके ने क्षेत्र की जनता को जिले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के द्वारा किये गए विकास कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि विकास पुरुष कमलनाथ ने जिले का चहुंमुखी विकास करने का अथक प्रयास किया है उनके प्रयासों से अनेकों रोजगार हेतु प्रशिक्षण संस्थान व विभिन्न निजी संस्थानों में छिंदवाड़ा के बेरोजगार युवाओं को योग्यता अनुसार रोजगार उपलब्ध कराया है उन्होंने क्षेत्र की जनता से कांग्रेस के छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 126 के प्रत्याशी कमलनाथ जी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है इस दौरान शहर कांग्रेस के उपब्लॉक प्रभारी पप्पू यादव, मुकेश उपाध्याय, शैलेष दीक्षित, सुनील इंगले, हेमंत सिंह, राजपूत दरेश परतेती, रेणु तिवारी, बिंजू मामन विशाल सोनी, पूर्वीता डेहरिया, राधा सैनी, शिवानी डेहरिया, जया ठाकरे ,आकाश सिंह भारद्वाज, सिध्दू थनेसर, अभिषेक पन्द्रे, सुमन पवार, सुनीता यदुवंशी, यश राऊत, रंजना परमार, संदीप सन्द्राम, रमेश बेले आदि उपस्थित थे।

# भाजपा विकास पर नहीं पाकिस्तान पर बात करती है: ओक्टे

## नकुल-कमलनाथ ने कोरोना काल में की हर संभव मदद



**छिन्दवाड़ा।** फिल्मी डॉयलाग बोलने और फिल्मों व फिल्मी अदाकारों के कपड़ों की समीक्षा करने के चलते केन्द्रीय नेतृत्व से फटकार खाने वाले भाजपा के बड़बोले नेता को आज जिले और नगर की जनता ने जमीन दिखा दी। आज तक की सबसे विफल सभा को सम्बोधित करते हुये भाजपा नेता और प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने प्रदेश की बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा और प्रदेश में भाजपा के द्वारा फैलाये गये भ्रष्टाचार पर बात नहीं की, क्योंकि जब-जब विकास की बात आती है तब-तब भाजपा को पाकिस्तान की याद आती है। उक्त उदगार आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा के बयान पर पलटवार करते हुये व्यक्त किये ।जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि भाजपा के पास अब बताने के लिये कुछ नहीं बचा है इसीलिये कभी वह कभी पाकिस्तान तो कभी अफगानिस्तान की बात करती है। महंगाई, बेरोजगारी, किसान आत्महत्या और बढ़ते हुये अपराध जैसे मूल विषयों से जनता का ध्यान मोड़ने के लिये धर्म और जाति को राजनीति के मंच पर लेकर आती है। श्री ओक्टे ने कहा कि देश में जब तक कांग्रेस की सरकार रही तब तक किसी भी देश ने हिन्दुस्तान की तरफ आंख उठाकर नहीं देखा, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार और 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री के रहते हुये कभी चीन घुसपैठ कर रहा है तो वहीं कतर सरकार हमारे देश की वायुसेना के अफसरों को मौत की सजा सुनाने की तैयारी कर रही है और देश एवं प्रदेश के गृहमंत्री झूठा राग अलापने और जनता को बरगाले में जुटे हुये हैं, किन्तु पैसों के दम से जुटाई गई भीड़ भी यह जानती है कि भाजपा अपने दोष और झूठ छिपाने के लिये पाकिस्तानी राग अलापती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री ओक्टे ने गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को आईना दिखाते हुये कहा कि कोरोना संक्रमण काल में नकुल-कमलनाथ ने जिले को 256 टन ऑक्सीजन, शासकीय अस्पताल को 500 ऑक्सीजन सिलेंडर, चार निजी अस्पतालों को 10-10 आक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर और 50 हजार से ज्यादा फेविफ्ल्यू रेमडेसिविर इंजेक्शन उपलब्ध कराये हैं

### घर-आंगन से लेकर नुक्कड़ चौपाल तक, प्रियानाथ ने सम्पर्क साधा

**छिन्दवाड़ा।** चौरई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आज कांग्रेस नेत्री श्रीमती प्रियानाथ ने जनसम्पर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी सुजीत सिंह चौधरी के पक्ष में समर्थन मांगकर कमलनाथ को पुनः प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।श्रीमती प्रियानाथ ने ग्राम सिहोरामाल, मोहगांव कला, लिखड़ी व बीजावाड़ा में महिला समूहों, महिला मंडलों व महिला संगठनों के साथ बैठक कर सभी की बातें सुनी और अपनी बातें भी सुनाई। श्रीमती नाथ ने अपने चिर परिचित अंदाज में किसी गांव में आंगन तो कहीं घर के भीतर तो कभी चौपाल व नुक्कड़ पर कांग्रेस व कमलनाथ द्वारा जिले के विकास हेतु किये गये कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया।श्रीमती नाथ ने कहा कि हमारे छिन्दवाड़ा में बहू और बेटी में फर्क नहीं माना जाता मैं आपके बीच पहली बार आई हूं आप मुझे जिस भी रिश्ते से स्वीकारें मैं आपके परिवार का सदस्य बनकर आई हूं।

# भारतीय बौद्ध महासभा बौद्धों की एकमात्र विधिमान्य संस्थाः चन्द्रबोधी पाटील

## भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**छिंदवाड़ा।** भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ट्रस्टी चेयरमैन खैरीतायगाँव पहुंचे उन्होंने सर्वप्रथम डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तदुपरांत नगरवासियो द्वारा भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रबोधी पाटील भंते धम्मसारथी सौसर के बौद्ध विहार पहुंचे तथागत भगवान बुद्ध एवं डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई जहां समता सैनिक दल के द्वारा उन्हें जय भीम सलामी दी गईइस अवसर पर सामूहिक वंदना की गई महासभा के कई पदाधिकारी रैली के रूप में डॉ अंबेडकर तिराहा पहुंचे जहां पर स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रबोधी पाटील भंते धम्मसारथी, देश प्रदेश के पदाधिकारी द्वारा किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रबोधी पाटिल रामाकोना पहुंचे जहां भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी द्वारा गाजे बाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में उनका भव्य स्वागत किया गया श्री पाटिल द्वारा डॉ अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया रैली के साथ बुद्ध विहार पहुंचे जहां उन्होंने तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रबोधी पाटील,भंते धम्मसारथी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ट्रस्टी एड भीमराव कामले महाराष्ट्र विदर्भ ऑडिटर एन एम कामले ,अशोक शेंडे महासचिव समता सैनिक दल चिंतामन पगारे महासचिव प्रदेश उपाध्यक्ष एड रमेश लोखंडे प्रदेश सचिव बाबाराव चारे जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाटिल विजयश्री बागडे प्रदेश सदस्य भोजराज गोरखंडे (महासचिव छत्तीसगढ़) तहसील अध्यक्ष एड नरेश कड़वे सहित कई पदाधिकारी के साथ खापा जोवनी पहुंचे जहाँ नवनिर्मित बौद्ध विहार का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रबोधी पाटील भंते धम्मसारथी द्वारा फीता काटकर किया गया तत्पश्चात तथा भगवान बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कर भंते धम्म सारथी द्वारा सामूहिक बुद्ध वंदना की गई ।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर एनसीसी कैडेट को एकता दौड़ आयोजित



**भोपाल।** राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिन भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राष्ट्रीय कैडेट कोर के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय ने राष्टीय एकता दिवस मनाने के लिए दोनों राज्यों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित कीं, जिसमें कुल 6000 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। भोपाल में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में भोपाल ग्रुप एनसीसी द्वारा यूनिटी रन का आयोजन किया गया। यूनिटी रन में भोपाल के 50 से अधिक शिक्षण संस्थानों के 1000 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कैडेटों के अलावा, एनसीसी के सेना के अधिकारी, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, विभिन्न एनसीसी इकाइयों और कॉलेजों से जेसीओ और एनसीओ भी कैडेटों को प्रेरित करने के लिए शामिल हुए। पांच किलोमीटर की रन फॉर यूनिटी भोपाल शहर के मध्य में बड़ा तालाब से शुरू होकर शौर्य स्मारक पर समाप्त हुई। दौड़ को भारत के ओलंपिक हॉकी खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता श्री विवेक सागर प्रसाद द्वारा बड़ा तालाब से सुबह 7 बजे हरी झंडी दिखाई गई और मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल एके महाजन ने शौर्य स्मारक पर हरी झंडी दिखाई। शौर्य स्मारक में, मेजर जनरल एके महाजन ने हमारे महान राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक अनुशासित नागरिक समाज के महत्व पर जोर दिया और राष्ट्रीय एकता दिवस पर माननीय प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किए गए मेरा युवा भारत में एनसीसी कैडेटों की भागीदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण और एकता एवं अनुशासन का संदेश फैलाने के प्रति उनकी परोपकारी सेवा के लिए एनसीसी कैडेटों की भी सराहना की।

## भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने हमास से की कांग्रेस की तुलना, बोले- जनता इनकी सरकार नहीं बनने देगी

**सतना।** भाजपा सांसद मनोज ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस आतंकवादियों का सपोर्ट कर रही है और इनके हमास बहुत जगह अपनी जड़ें जमा रहे हैं। कांग्रेस मतलब हमास, आतंकियों का पैरोकार और सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश है। लेकिन मध्य प्रदेश की जनता हमास (कांग्रेस) की सरकार नहीं बनने देगी। इस मध्यप्रदेश को कांग्रेस ने किस तरह रुलाया था यह कोई नहीं भूला है। रैली में मनोज तिवारी ने पब्लिक डिमांड पर गीत भी गाए।

राहुल गांधी पर तंज कसते हुए मनोज ने कहा कि मध्यप्रदेश में हम जहां लाडली बहनों का ख्याल रखते हैं। वहीं, कांग्रेस को सिर्फ एक लाड़ला का ख्याल होता है। सासंद मनोज तिवारी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी जो जनता चाहती है वो करती है। चाहे इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात हो, सड़कों की बात हो या फिर राम मंदिर, महाकाल लोक, भारतीय संस्कृति की रक्षा और सत्य सनातन धर्म को आसमान पर ऊंचा उठाने की बात हो भाजपा सब में आगे रहती है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बन कर तैयार हो रहा है, अब मथुरा-काशी की भी बारी है। पांच राज्यों के चुनाव में जीत का दावा करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस को राम को अपना बनाने से किसी ने रोका नहीं था। लेकिन उन्होंने तो राम को काल्पनिक बता दिया था। उन्हीं राम ने कांग्रेस को उसका स्थान दिखा दिया है। भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने सतना प्रवास के दौरान पब्लिक डिमांड पर नामांकन रैली के मोबाइल मंच से गीत भी गाए। उन्होंने छठ माता का गीत गाया और भाजपा प्रत्याशियों की विजय तथा सर्वजन की खुशहाली की कामना की। भोजपुरी में लोगों से बात करते हुए उन्होंने देर से आने के लिए खेद व्यक्त किया और कहा कि 'मनोजवा आ गयल हओ, आप लोग आशीर्वाद देईं। उन्होंने सांसद गणेश सिंह के सिर पर हाथ भी रखा।

## छटवें दिन 68 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किये

**दमोह।** विधानसभा निर्वाचन 2023 नाम निर्देशन की प्रक्रिया के तहत अंतिम दिवस अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र अपने-अपने क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर के समक्ष प्रस्तुत किये गये। इसी के तहत आज 30 अक्टूबर को छटवें दिवस 68 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये।



अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया विधानसभा क्षेत्र 54- पथरिया से अभ्यर्थी लखन लाल भारतीय जनता पार्टी, लीलाधर पटेल जन अधिकार पार्टी, भूषण प्रसाद निर्दलीय, प्रियंका रोशन आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), राजकिशोर पटेल निर्दलीय, चूरामन निर्दलीय, बृजेन्द्र सिंह ठाकुर इंडियन नेशनल कांग्रेस, रामबाई बहुजन समाज पार्टी, देवेन्द्र सींग निर्दलीय, भागीरथ अहिरवार निर्दलीय, आशीष पटेल निर्दलीय, संजय कुमार जैन निर्दलीय, मनोज प्रसाद विश्वकर्मा भारतीय जन मोर्चा पार्टी, प्रेमनारायण निर्दलीय, धनीराम निर्दलीय, संतोष सोनी निर्दलीय, नीलेश कुमार पटेल निर्दलीय, विक्रम सिंह निर्दलीय एवं नन्हें भाई निर्दलीय ने अपने-अपने नामनिर्देशन पत्र दाखिल किये। विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह से अभ्यर्थी राहुल सिंघई निर्दलीय, अजय यादव निर्दलीय, नवीन अहिरवार आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), रिचा चौबे सपाक्स पार्टी, अजय कुमार पटेल निर्दलीय, द्रगपाल सिंह लोधी समाजवादी पार्टी (दो सेट), अजय कुमार टण्डन इंडियन नेशनल कांग्रेस (दो सेट), नीरज कुमार पटेल निर्दलीय, राहुल यादव निर्दलीय, महेन्द्र अहिरवार निर्दलीय, चाहत मणि पाण्डेय आम आदमी पार्टी, बंदना कुर्मी निर्दलीय, शेख मकसूद निर्दलीय, परसराम आम आदमी पार्टी, राहुल अहिरवार निर्दलीय, प्रताप रोहित बहुजन समाज पार्टी, शाहरूख खान मंसूरी निर्दलीय, निशांत पाठक निर्दलीय, नंदन लाल निर्दलीय, जयंत टेकचंद निर्दलीय, जयंत कुमार गोविंद कुमार निर्दलीय ने अपने-अपने नामनिर्देशन पत्र दाखिल किये।

## प्रभात झा ने नागदा में रोड शो किया



पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष प्रभात झा ने नागदा खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ तेज बहादुर सिंह के साथ रोड शो किया एवं आमसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन ग्रामीण के जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला आदि मौजूद रहे।

## चुनाव मैदान में कूदे पूर्व विधायक डागा, हुजूर में होगा त्रिकोणीय मुकाबला?



**भोपाल।** राजधानी की हुजूर व उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत का गणित बिगड़ता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस से बागी हुए पूर्व विधायक जितेंद्र डागा ने सोमवार को निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र भर दिया। यदि वो दो नवंबर तक नाम वापस नहीं लेते हैं तो हुजूर विधानसभा क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला होना तय माना जा रहा है।

दरअसल पूर्व विधायक डागा हुजूर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष-2008 में भाजपा से चुनाव लड़े थे। भाजपा की कद्दावर नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की सलाह पर भाजपा आलाकमान ने डागा को प्रत्याशी घोषित किया। जब डागा को टिकट मिला तो सभी अंचभित हो गए थे, क्योंकि उन दिनों वो क्षेत्रवासियों के बीच चर्चित नेता नहीं थे, लेकिन जनता ने भाजपा को जीताने की परंपरा नहीं बदली। मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र मीणा को हरा कर डागा को विधायक बनाया। विधायक रहने पर डागा ने हुजूर विधानसभा क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत की। वर्ष-2013 में भोपाल विकास प्राधिकरण(बीडीए)के पूर्व सीईओ एमजी रूसिया की मौत के मामले में नाम आने पर भाजपा ने छवि धूमिल होने के डर से डागा का टिकट काट कर रामेश्वर शर्मा को उम्मीदवार बनाया था। शर्मा ने कांग्रेस उम्मीदवार राजेंद्र मंडलोई को 50 हजार से अधिक मतों से हराया था। वर्ष-2018 में भाजपा ने फिर शर्मा को उम्मीदवार बनाया। वहीं कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के समर्थक नरेश ज्ञानचंदानी को टिकट दिया। शर्मा व ज्ञानचंदानी के बीच कड़ी टक्कर हुई। कांग्रेस की हार का अंतर 50 को कम करके 15 हजार किया था।

इधर भाजपा से नाराज पूर्व विधायक जितेंद्र डागा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया था। डागा को उम्मीद थी कि उन्हें कांग्रेस अपना प्रत्याशी बनाएगी, लेकिन टिकट फिर ज्ञानचंदानी को दे दिया। डागा चुनाव लड़ते हैं तो भाजपा के उम्मीदवार रामेश्वर शर्मा और ज्ञानचंदानी को अच्छी टक्कर देंगे, दरअसल डागा से भाजपा से पूर्व विधायक रहे और कांग्रेस में भी रहे है इसलिए स्थानीय मतदाता उनसे जुड़े हैं। कांग्रेस प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी ने नामांकन पत्र जमा करते समय डागा से गले मिलकर कहा भैया बैठ जाओ। चुनाव में मेरा साथ दो।

### उत्तर में नासिर, आमिर, सऊद ने बढ़ाया आतिफ का सिरदर्द

उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विधायक आरिफ अकील के बेटे व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी आतिफ की परेशानी उनके चाचा आमिर ने बढ़ा दी हैं। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए सोमवार को अंतिम तारीख पर नामांकन पत्र जमा किया। वहीं कांग्रेस नेता नासिर इस्लाम ने भी निर्दलीय मैदान में कूदने के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इधर आम आदमी( आप )से उत्तर विधानसभा क्षेत्र से मोहम्मद सऊद मैदान में उतर गए हैं। ऐसे में तीन मुस्लिम नेता कांग्रेस की वोट बैंक में सेंध लगाएंगे। इससे कांग्रेस की जीताऊ इस सीट पर यदि आमिर-नासिर ने नाम वापस नहीं लिए तो भाजपा के प्रत्याशी आलोक शर्मा का लाभ मिल सकता है। इधर बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के बागी हुए कांग्रेस नेता राम भाई मैहर मान गए हैं, उनकी ओर से नामांकन पत्र जमा नहीं करने से कांग्रेस की प्रत्याशी जयश्री हरिकरण मजबूती से भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री को टक्कर देंगी।

### मप्र में सरकार बनाने

# बीजेपी का लाड़ली बहना के बाद अब लखपति दीदी का दांव

### शिवराज ने आधी आबादी पर किया पूरा फोकस



**भोपाल।** इस बार के चुनाव में आधी आबादी ही तय करेगी कि सत्ता के सिंहासन पर कौन बैठेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुदनी से अपना नामांकन भरते ही एक और बड़ा दांव चल दिया। बुदनी की सभा में सीएम ने ऐलान किया कि वे अब लखपति दीदी बनाएंगे।

### मेरा चुनाव जनता लड़ेगी

सीएम ने ऐलान किया कि आने वाले 5 साल में हर बहन को लखपति दीदी बनाऊंगा। यह बहुत सोच समझ कर कह रहा हूं लखपति दीदी का मतलब घर का काम काज करते हुए जिनकी आमदनी 1 लाख रुपए साल से ज्यादा हो वो लखपति दीदी। अब इसका स्वरूप क्या होगा ये तो तब पता चलेगा जब बीजेपी की सरकार बनेगी और लखपति दीदी की योजना अमल में लाई जाएगी। लेकिन फिलहाल तो लाड़ली बहना के बाद शिवराज ने लखपति दीदी के रूप में एक और बड़ी घोषणा कर दी। शिवराज ने नामांकन पत्र जमा कर कहा कि उनका चुनाव जनता लड़ेगी।

### कांग्रेस पर कसा तंज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और उनके गठबंधन पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक दिल के टुकड़े हजार हुए कोई इधर गिरा कोई उधर गिरा। सपा, आप, कांग्रेस और कांग्रेस में भी दिग्गी गुट, सेठ कमलनाथ गुट, अरुण यादव और अजय सिंह गुट और न जाने कितने गुट हैं ये तो भगवान ही जाने। उन्होंने कहा कि, मल्लिकार्जुन खड़गे तो नाममात्र के अध्यक्ष हैं। असल में तो भैया-बहन फसल काटते हैं।

### हमने तो बक्खर हाँके और उराई की है

मध्यप्रदेश में भी कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने पूरी पार्टी पर कब्जा जमा कर रखा है और आगे की संभावनाएं भी काँग्रेसियों की समाप्त कर दी हैं। उनके आगे की पीढ़ी भी तैयार है और वो टिकट भी बाँट देती है। इन लोगों ने कब्जा करके कांग्रेस को निष्प्राण बना दिया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसते हुए कहा कि, आप ही देखिए उनमें और हम में अंतर क्या है। वो लोग आटे को लीटर में तोलते हैं। धान का खेत काटने पहुँच जाते हैं लेकिन यह पता ही नहीं है कि धान जमीन के नीचे होती है या जमीन के उपर। जमीनी वास्तविकता से परिचित नहीं हैं। हमने तो बक्खर हाँके हैं और ढुली टांग कर उराई भी की है।

### राख के ढेर से भी उठकर खड़ा हो जाऊंगा

शिवराज ने कहा कि, कांग्रेस के मित्र बहुत परेशान रहते हैं। कहते हैं कहां से आ गया डेढ़ मुट्ठी का। एक बार तो मेरा श्राद्ध ही कर दिया। तो मैंने कहा राख के ढेर से भी उठकर खड़ा हो जाऊंगा। अभी तो बहुत काम करना है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के एक नेता कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को जय-वीरू कहकर बुला रहें हैं, लेकिन जय और वीरू तो जेल से छूट कर आए थे। उन्होंने कहा कि, कुछ नेता जेल में हैं और कुछ कांग्रेस के नेता बेल पर हैं।

## निगम मंडल में ठेके और आउटसोर्स के कर्मचारी को बोनस एवं ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा: अनिल बाजपेई

**भोपाल।** निगम मंडल बोर्ड परिषद के वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई ने बताया कि कार्यालय सहायक श्रमायुक्त द्वारा 27 अक्टूबर को जारी आदेश में कहा गया है कि एमपी कान नेटलिंग कंपनी सेड मैप के द्वारा विभिन्न निगम मंडलों में कार्यरत कर्मचारियों को नियोजित किया गया है। उन सभी कर्मचारियों को बोनस अधिनियम के तहत बोनस ग्रेविटी अधिनियम के ग्रेविटी चिकित्सा अधिनियम से चिकित्सा सुविधा अवकाश अधिनियम के अवकाश आज की सुविधा दिए जाने का आदेश दिया गया है। वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन, नागरिक आपूर्ति निगम, ऊर्जा निगम, पर्यटन विकास निगम, उपभोक्ता सहकारी संघ, भोपाल दुग्ध संघ सहित वन विकास निगम, माइनिंग कॉरपोरेशन हाउसिंग बोर्ड, हस्तशिल्प विकास निगम, कुकुट विकास निगम, मंडी बोर्ड पाठ पुस्तक, निगम खादी बोर्ड में कार्य आउटसोर्स करने को पूर्वक सुविधा का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव श्रम एवं सहायक श्रमायुक्त का आभार व्यक्त करते हुए उपरोक्त निगम मंडलों के प्रबंधन से मांग की कि शासन के आदेशों को कड़ाई से पालन किया जाए। अनिल बाजपेई हाथीम वाली अंसारी अरुण वर्मा आदर्श शर्मा उपरोक्त मांग का समर्थन किया है।

## नई एयरलाइंस कंपनियों की उड़ानें शुरू करने में रूचि नहीं, विंटर शेड्यूल से मिली निराशा



**भोपाल।** कस्टमर सेटिस्फेक्शन सर्वे में देश में नंबर एक का दर्जा मिलने के बाद भी राजा भोज एयरपोर्ट से केवल दो ही एयरलाइंस कंपनियां उड़ानों का संचालन कर रही हैं। एयरपोर्ट अथारिटी लंबे समय से देश की बाकी एयरलाइंस कंपनियों से बेस स्टेशन बनाने का आग्रह कर रही है पर किसी भी कंपनी ने रूचि नहीं दिखाई है। 29 अक्टूबर से लागू हुए विंटर शेड्यूल में भी भोपाल को कुछ खास नहीं मिला है।

विंटर शेड्यूल में इंडिगो ने अपनी जयपुर एवं प्रयागराज उड़ान के फेरे बढ़ाए हैं। यह दोनों उड़ानें अब सप्ताह के सभी सात दिन संचालित हो रही हैं। दिल्ली रूट पर एक अतिरिक्त उड़ान शुरू की गई है। यह उड़ान सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं रविवार को संचालित होगी। माना जा रहा था किविंटर शेड्यूल में पुणे एवं कोलकात्ता उड़ान भी शुरू होगी पर यात्रियों को निराशा हाथ लगी है। लखनऊ, अमृतसर, तिरूपति, शिर्डी एवं सूरत जैसे शहरों तक भी सीधी उड़ान शुरू नहीं हो पा रही है। किसी समय भोपाल से देहरादून तक भी उड़ान मिलती थी पर यह अब बीते दिनों की बात हो चुकी है। जबलपुर, ग्वालियर एवं बिलासपुर रूट पर रीजनल कनेक्टिविटी अभियान के तहत शुरू हुई उड़ानें भी बंद हो चुकी हैं।

गोवा राष्टीय खेल में मप्र के स?नूकर ख?लाड़ी चमके, अमी कमानी और पीयूष- रितिक की जोड़ी ने भी जीता स्वर्ण पदकस्क्कस्श्चश्हल्हृ ह्द2ह्य~ गोवा राष्टीय खेल में मप्र के स?नूकर ख?लाड़ी चमके, अमी कमानी और पीयूष- रितिक की जोड़ी ने भी जीता स्वर्ण पदक

**छोटी एयरलाइंस आने को तैयार नहीं-** भोपाल से इस समय एयर इंडिया

## मध्य प्रदेश में आज से बढ़ेंगे ठंड के तेवर, इंदौर में रात का तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

**भोपाल/इंदौर।** पूर्वी-दक्षिण पूर्वी दिशा से हवा चलने से मौसम बदल गया। मंगलवार सुबह आसमान साफ रहा। धूप निकलने के बावजूद सूरज के तेवर नरम दिखे। सुबह का तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस रहा। रात का तापमान नीचे आने लगा है। इससे मौसम में ठंडक घुल गई हैड्ड। अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह आठ बजे तक दृश्यता दो हजार मीटर तक रही। छह किमी की रफ्तार से हवा चली। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले सप्ताह भी ऐसा ही मौसम रहेगा, क्योंकि दक्षिण राजस्थान में एक विक्षोभ बन रहा है। इससे इंदौर और आसपास का मौसम शुष्क रहेगा। चुनावी सामग्री बेचने वाली दुकानों को अब भी ग्राहकी का इंतजारस्क्क श्चद्दश्ह्लद्धश्ठ्ठह्य 2023~ चुनावी सामग्री बेचने वाली दुकानों को अब भी ग्राहकी का इंतजार



**मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया-** दो विषय की उत्तर पुस्तिका का फिर होगा मूल्यांकन, शिक्षक को ब्लैक लिस्ट करने पर विचार DAVV Indore~दो विषय की उत्तर पुस्तिका का फिर होगा मूल्यांकन, शिक्षक को ब्लैक लिस्ट करने पर विचार सोमवार से मध्य प्रदेश के मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया है। मंगलवार से पारे में और गिरावट शुरू हो जाएगी और ठंड बढ़ने लगेगी। वहीं, दो नवंबर तक एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने का अनुमान है, इससे ठंड और बढ़ेगी। उत्तर भारत में हो रहे मौसम में बदलाव के कारण वहां से कुछ नमी प्रदेश में आएगी, इससे कुछ स्थानों पर बादल छाने के साथ बूंदाबांदी होने के भी आसार हैं। प्रदेश में सोमवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान पचमढ़ी में 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मैदानी इलाकों में सबसे कम न्यूनतम तापमान उमरिया में 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

प्रदेश में धीरे-धीरे सर्दी अपने पैर जमा रही है। प्रदेश में सोमवार को 10 जिले ऐसे रहे, जहां तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया। हालांकि, अधिकतम तापमान में न ही कोई बढ़त दर्ज हुई, न ही कहीं बड़ी गिरावट आई। अधिकांश जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर ही रहा। इस कारण दिन में गर्मी का एहसास भी हुआ। रात में तापमान गिरने और दिन में तापमान के ऊंचे स्तर पर बने रहने के चलते दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अभी कुछ दिनों तक मौसम में इसी तरह का उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। अधिकतम तापमान भी स्थिर तो न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आ सकती है। नवंबर महीने की शुरुआत में प्रदेश के कई जिलों का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के नीचे भी आने के आसार हैं।